तापमान

अधिकतम 34.9 डिग्री

न्यूनतम 19.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026




सोमवार को सिम्स के एमआरडी में पर्ची के लिए लगी मरीजों की कतार।



**खबर संक्षेप**

### प्रेस क्लब का फाग महोत्सव आज

**बिलासपुर।** बिलासपुर प्रेस क्लब का होली मिलन समारोह एवं फाग महोत्सव का आयोजन 3 मार्च मंगलवार को दोपहर 2 बजे से प्रेस क्लब परिसर में आयोजित किया जा रहा है। प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत मिश्रा ने सभी सदस्यों एवं पत्रकार साथियों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है। बिलासपुर प्रेस क्लब के सचिव संदीप करिहार ने कहा कि यह आयोजन केवल एक पारंपरिक उत्सव नहीं, बल्कि पत्रकार साथियों के बीच आपसी समन्वय, संवाद और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब सदैव सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजते हुए सदस्यों के बीच आत्मीयता बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों को प्राथमिकता देता रहा है। वहीं उपाध्यक्ष विजय क्रांति तिवारी, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, सह-सचिव हरिकिशन गंगवानी एवं कार्यकारिणी सदस्य कैलाश यादव ने भी समस्त पत्रकार साथियों एवं आमंत्रित अतिथियों से सादर उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### होली की छुट्टी 4 मार्च को ही, रंगोत्सव उसी दिन

**बिलासपुर।** मार्च में छुट्टियों की भरमार है। सरकारी कैलेंडर के अनुसार 3 दिन स्कूल-ऑफिस, बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा रविवार और शनिवार की छुट्टियों को शामिल करें तो इस माह 14 दिन ऑफिस बंद रहेंगे। हालांकि होली की छुट्टी को लेकर सोमवार को असमंजस की स्थिति बनी रही। बाद में तय हुआ कि बुधवार 4 मार्च को ही होली की छुट्टी रहेगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के सरकारी कलेंडर 2026 के मुताबिक 4 मार्च को होली, 21 मार्च ईद-उल-फितर, 31 मार्च को महावीर जयन्ती की छुट्टी रहेगी। इस दौरान सभी बैंक, स्कूल, ऑफिस बंद रहेंगे।

### बुलेट में स्टंट करने वाले युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बुलेट से स्टंट करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 1 मार्च को शाम 7 बजे बुलेट क्रमांक सीजी 10 ई, 7544 का चालक श्रेय देवनाथ बसंब विहार चौक से तेज गति से लापरवाही पूर्वक खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुए नूतन चौक की ओर जा रहा था। उसकी स्टंटबाजी से आवागमन बाधित हो रहा था और आने जाने वाले लोगों का जीवन संकट उत्पन्न हो रहा था। राहगीर चिंगराजपारा सूर्या चौक निवासी दिलीप सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने बुलेट चालक श्रेय देवनाथ के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 184 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




## कचरे से फैली आग, गाड़ियों की जली होली

**बिलासपुर।** एक ओर शहर के गली मोहल्लों में लकड़ी की होली जलाने की तैयारी हो रही थी, दूसरी ओर परसदा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में कचरे में लगी आग फैलते हुए एक गैरेज तक पहुंच गई, आग लगने से यहां रखी गई पांच कारें जलकर राख हो गईं। एकाएक आग लगने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। दमकल के पानी से आगपर काबू पाया गया।

ट्रांसपोर्ट नगर ओम साईं गैरेज के संचालक पीडी नायडू ने बताया कि सोमवार 2 मार्च की रात 8 बजे वे अपना गैरेज बंद कर चले गए थे । इसी दौरान गैरेज के पास कचरे के ढेर में किसी ने आग लगा दी। यह आग फैलते हुए उनके गैरेज तक पहुंच गई। इस दौरान किसी ने आग बुझाने का प्रयास नहीं किया। कुछ देर बात गैरेज के अंदर कतार से खड़ी पांच कारों में आग लग गई । पांचों गाड़ियां धू-धू कर जलने लगीं। गैरेज में आग लगने से आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों ने आग लगने की सूचना पुलिस व गैरेज संचालक को दी । सूचना मिलते ही गैरेज संचालक व एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई । दमकल के पानी से आग पर काबू पा लिया गया है । आग से गैरेज में रखी गई पांचों कारें जलकर राख हो गई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिछले दो दिनों में आग लगने की यह दूसरी घटना है। शनिवार की रात मंगला स्थित एक अपार्टमेंट के पार्किंग में बनाए गए इलेक्ट्रानिक सामानों के गोदाम में आग लग गई थी। इससे गोदाम में रखा पूरा सामान जल गया था। इस मामले में पुलिस ने गोदाम संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

## हिस्ट्रीशीटर मैडी का वीडियो वायरल करने वाले 5 युवक गिरफ्तार, एक चाकू जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



हिस्ट्रीशीटर रितेश निखारे उर्फ मैडी के जेल जाने दौरान उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने वाले व नारेबाजी कर हुज्जतबाजी करने वाले उसके गैंग के 5 युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया है। एक युवक के पास से चाकू जब्त किया गया है। पुलिस ने पांचों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

28 फरवरी 2026 को पुराना बस स्टैण्ड टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित हेवन्स पार्क के सामने चकरभाठा के युवक पर जानलेवा हमले के मामले में जिला न्यायालय में हिस्ट्रीशीटर ओमनगर निवासी रितेश निखारे उर्फ मैडी सहित 13 लोगों को 7 साल कैद की सजा सुनाई गई थी। पुलिस मैडी सहित 13 आरोपियों को लेकर कोर्ट से बाहर निकल रही थी, तब परिसर में मैडी की गैंग के युवकों से मिलकर हंसते हुए कह रहा था कि चार माह काट लेंगे, युवकों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में वायरल कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट से जिला अस्पताल व जेल ले जाने के दौरान नारेबाजी करने व जेल परिसर में हंगामा करने वाले उसके गैंग के शाबिद खान पिता आबिद खान 30 साल मंगला धूरीपारा, सोनू भोरे पिता सव. सम्भा भोरे 32 साल मगरपारा, हनी जायसवाल पिता स्व. जोगेन्द्र जायसवाल 36 साल शैलेन्द्रनगर अमेरी, प्रशांत राठौर पिता दिनेश राठौर 28 साल राजकिशोरनगर, अभिषेक सिंह पिता दिलीप सिंह 22 साल कुदूदण्ड निवासी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर अभिषेक सिंह के पास से चाकू मिला है। पुलिस ने चारों युवकों पर प्रतिबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की है। वहीं अभिषेक सिंह को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।



हिस्ट्रीशीटर मैडी सहित 13 आरोपियों को 7 साल कैद

हरिभूमि में 1 मार्च को प्रकाशित खबर।

## सीयू के रंग बरसे 5.0 कार्यक्रम में बवाल, छात्रों के बीच मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को होली मिलन कार्यक्रम रंग बरसे 5.0 के दौरान अचानक माहौल बिगड़ गया। ब्रदरहुड पैनल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए थे।

कार्यक्रम के दौरान दो गुटों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रंग गुलाल खेल रही छात्राओं को लेकर विवाद हुआ। पहले बहस हुई, फिर धक्का-मुक्की शुरू हो गई। कुछ ही देर में दोनों पक्षों के समर्थक आमने-सामने आ गए। छात्रों का कहना है कि दोनों गुट के लोगों को गहरी चोट आई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में होली मिलन समारोह दौरान मारपीट की यह दूसरी बार घटना है।

## सिग्नल ओवरशूट: पटरी से गिरे मालगाड़ी के 9 वैगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर रेल मंडल में एक बार फिर सिग्नल ओवरशूट के कारण मालगाड़ी के 9 वैगन पटरी से उतर गए। इस मामले में संबंधित विभाग की टीम ने जांच शुरु कर दी है। पूछताछ में चालक का कहना है कि जिस समय यह घटना हुई उस समय ट्रेन की स्पीड केवल 40 किलोमीटर प्रति घंटे थी। इसके अलावा उसे आगे की स्थिति की कोई भी जानकारी नहीं है।

बिलासपुर रेल मंडल में ट्रेन के डिरेलमेंट और एक ट्रेन से दूसरी ट्रेन के बीच आपसी टक्कर की घटनाएं कम नहीं हो रही है। आटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली के बावजूद रेल प्रशासन भी घटना पर किसी तरह का कोई काबू नहीं कर पा रही है। बिलासपुर रेल मंडल के सिस्टम को सीआरएस ने भी खराब बताया है, जिसके बाद भी कोई सुधार कार्य नहीं हो रहा है। जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को चालक प्रमोद कुमार और सहायक चालक महाकेश मीणा बिजूरी से खाली एन बाक्स मालगाड़ी लेकर रवाना हुए थे। सोनपुर स्टेशन पार करने के बाद अचानक बीपी प्रेशर ड्राप हुआ और गाड़ी देर रात 2 बजकर 52 मिनट पर अचानक खड़ी हो गई। अचानक मालगाड़ी के खड़े होने पर चालक ने सहायक चालक को चेक करने के लिए भेजा। सहायक चालक ने देखा कि इंजन से 13वां, 14वां, 15वां, 16वां, 17वां, 18वां, 19वां वैगन एवं ब्रेकवैन से दूसरा और तीसरा वैगन पटरी से उतर गया है।



### ज्यादा उत्तर नहीं दिया चालक ने

जांच में चालक से पूछताछ की गई, जिन्होंने मालगाड़ी और इंजन में किसी तरह की कोई समस्या नहीं होने, अचानक बीपी प्रेशर ड्राप होकर गाड़ी खड़ी होने और पटरी से उतरने के अलावा गाड़ी की स्पीड 40 किलोमीटर प्रति रफ्तार की होने की जानकारी दी। इसके अलावा अन्य प्रश्नों के संबंध में उनकी ओर से कोई उत्तर नहीं दिया गया। फिलहाल इस मामले में विभागीय टीम के अफसर अपनी जांच करने के बाद आगे की रिपोर्ट देंगे, जिसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति चयन के लिए राजभवन में इंटरव्यू आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**सोमवार को होने वाला इंटरव्यू टला, 20 उम्मीदवारों को बुलवाया गया**

अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति चयन के लिए मंगलवार 3 मार्च को राजभवन रायपुर में इंटरव्यू होने जा रहा है। यह इंटरव्यू पहले सोमवार 2 मार्च को होना था जो एक दिन आगे टल गया। कुलपति पद के लिए 20 उम्मीदवारों को इंटरव्यू में बुलवाया गया है। इसलिए अटल यूनिवर्सिटी के अधिकारी भी राजभवन जाएंगे।

अटल यूनिवर्सिटी के नए कुुलपति के लिए छत्तीसगढ़ सहित उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, जम्मू आदि राज्यों के प्रोफेसर, शिक्षाविदों द्वारा आवेदन किया गया है। कुलपति पद के लिए राजभवन ने विज्ञापन निकाला था और 29 दिसंबर तक आनलाइन आवेदन मंगाए थे। कुलपति के लिए 96 आवेदन आए थे, जिनकी स्क्रूटनी पिछले महिने हुई। स्क्रूटनी के बाद 64 आवेदन पात्र पाए गए थे, जिनमें से 20 लोगों को इंटरव्यू के लिए 2 मार्च को बुलवाया गया था, किन्तु अपरिहार्य कारणों से सोमवार को इंटरव्यू टल गया और अब 3 मार्च मंगलवार को इंटरव्यू रखा गया है। यह इंटरव्यू राजभवन रायपुर में होगा, जिसके लिए उम्मीदवारों को रायपुर बुलवाया गया है।



### प्रो. शर्मा के बाद प्रो. वाजपेयी बने थे कुलपति

अटल यूनिवर्सिटी में वर्तमान कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी का 5 वर्ष का कार्यकाल समाप्त हो गया है। नए कुलपति की तलाश चल रही है। यह यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ यूनिवर्सिटी संशोधन अधिनियम के तहत राजपत्र में 3 फरवरी 2012 में अधिसूचना प्रकाशित हुई और जून 2012 में यूनिवर्सिटी अस्तित्व में आया था। इसका शुरुआत में बिलासपुर यूनिवर्सिटी नाम था, जिसे संशोधित कर बाद में अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर नामकरण किया गया। इस यूनिवर्सिटी के प्रथम कुलपति प्रो. गौरीदत्त शर्मा थे। कुलपति के रूप में 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रो. शर्मा को यूनिवर्सिटी में दुबारा कुलपति नियुक्त किया गया था, किन्तु कुलपति के रूप में उनका दूसरा कार्यकाल करीब साढ़े तीन साल का ही रहा।

### 22 फरवरी को पूरा हो गया वर्तमान कुलपति का कार्यकाल

यूनिवर्सिटी के वर्तमान कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी का पांच साल का कार्यकाल 22 फरवरी को समाप्त हो गया है, लेकिन राजभवन ने कुलपति के प्रभार के संबंध में कोई आदेश नहीं आया है। यह संभावना जरूर जताई जा रही थी कि संभाग कमिश्नर को नए कुलपति के आने तक प्रभार सौंपा जा सकता है, लेकिन इस बारे में कोई आदेश नहीं आया है। यूनिवर्सिटी अधिनियम के सेक्शन 40.2 तहत किसी संकाय डीन या वरिष्ठ प्रोफेसर एवं अन्य कुलपति तथा संभाग कमिश्नर को कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार दिया जा सकता है। इसी सेक्शन के तहत वर्तमान कुलपति की आयु 70 वर्ष पूर्ण नहीं हुई है इसलिए नए कुलपति के आने तक वे पद पर बने हैं।




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर तकनीकी व्याख्यान प्रशिक्षण पर जोर

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से चेतना हॉल, पुलिस लाइन में "संस्थागत, वाणिज्यिक भवनों और उद्योगों में अग्नि सुरक्षा" विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे अग्नि सुरक्षा के प्रति प्रशासन की गंभीरता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। इसमें राज्य केंद्र के अध्यक्ष इंजीनियर पुनीत चौबे ने कहा कि आग से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जागरूकता और तकनीकी प्रशिक्षण आवश्यक है। मुख्य वक्ता इंजीनियर अरविंद रस्तोगी ने हाल की अग्नि घटनाओं की केस स्टडी प्रस्तुत करते हुए आग लगने के प्रमुख कारणों, विभिन्न प्रकार की आग के लिए उपयुक्त अग्निशामक यंत्रों तथा कार्यविधि की जानकारी दी। संभाग आयुक्त श्री जैन ने कहा कि आधुनिक अग्नि सुरक्षा उपकरणों की स्थापना के साथ-साथ उनके सही संचालन का व्यावहारिक ज्ञान अनिवार्य है। आईजी श्री गर्ग ने डिजिटल माध्यमों से युवाओं में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बहुमंजिला आवासीय परिसरों, अस्पतालों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों एवं शासकीय भवनों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशालाओं के आयोजन की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे तथा संभागीय सेनानी नगर सेना एन.एस. नेताम, कमांडेंट दीपांकर नाथ , डॉ. अजय त्रिपाठी, सुश्री ज्योति बाला आदि मौजूद थे।

### प्राकृतिक रंगों से बने गुलाल को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद



**बिलासपुर।** होली के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए बिहान से जुड़ी स्व सहायता समूह की दीदियों ने जिला पंचायत कार्यालय के सामने हर्बल गुलाल का विशेष स्टॉल लगाया है। इस पहल को आम नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। प्राकृतिक रंगों से तैयार यह गुलाल न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि त्वचा के लिए भी पूरी तरह सुरक्षित है। समूह की दीदी सीमा तिवारी और रिंकी श्रीवास ने बताया कि यह हर्बल गुलाल चकरभाठा क्षेत्र की राधा कृष्ण स्व सहायता समूह द्वारा तैयार किया गया है। गुलाल बनाने में अरारोट का उपयोग आधार सामग्री के रूप में किया गया है और इसमें ऐसे प्राकृतिक रंग मिलाए गए हैं, जो त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाते। रासायनिक रंगों से होने वाली एलर्जी और त्वचा संबंधी समस्याओं को देखते हुए इस बार लोगों में हर्बल गुलाल के प्रति विशेष उत्साह देखा जा रहा है। रंगों की गुणवत्ता, मुलायम बनावट और किफायती दाम के कारण ग्राहकों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। यह स्टॉल 3 मार्च को भी जिला पंचायत कार्यालय के सामने लगाया जाएगा।

### सरकार संघ को बताए कि नीतिगत मामले के निराकरण का किसे है अधिकार

**बिलासपुर।** छग शासन द्वारा प्रदेश के लिपिकों के वेतनमान सुधार एवं पदनाम परिवर्तन पर सामान्य प्रशासन विभाग ने



संघ को पत्र लिख कर अवगत कराया कि लिपिक कर्मचारियों के वेतनमान सुधार और पद नाम परिवर्तन संबंधी मांग नीतिगत मामला है। इस पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने बताया कि छग शासन के मुख्य सचिव से 9 जनवरी को मुलाक़ात करके प्रदेश के लिपिकों के वेतनमान सुधार एवं पदनाम परिवर्तन के विषय में चर्चा करते हुए ज्ञापन सौंपा गया था। मुख्य सचिव द्वारा वार्ता में लिपिकों के वेतनमान में सुधार की बात पर अपनी सहमति प्रदान करते हुए संघ को शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया था। मुख्य सचिव को दिए गए ज्ञापन के संदर्भ में छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग ने पत्र जारी कर उक्त मांग को नीतिगत मामला बताया। प्रदेश अध्यक्ष श्री तिवारी ने उक्त पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार का यह पत्र मांग पर केवल खानापूर्ति है, यदि मामला नीतिगत है तो सामान्य प्रशासन विभाग को संघ को सूचित करना चाहिए कि मामले के निराकरण के लिए किस मंच या पटल पर मांग को रखे। वेतनमान सुधार सामान्य प्रशासन एवं वित्त विभाग द्वारा ही निराकृत किया जाता है और दोनों विभाग मुख्य सचिव के अधीनस्थ हैं। मुख्य सचिव को सौंपे गए पत्र पर इस तरह का जवाब मांग के प्रति खाना पूर्ति मात्र है। श्री तिवारी ने बताया कि उक्त पत्र से प्रदेश के लिपिकों में गहरी निराशा व्याप्त है। संघ इस विषय पर पुनः मुख्य सचिव के संज्ञान में लायेगा और उचित निराकरण नहीं होने पर प्रदेश स्तरीय आंदोलन के लिए बाध्य होगा ।

### यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 250 ने लिया भाग



**बिलासपुर।** यादव युवक युवती परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम लखीराम अग्रवाल सभागृह में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इसमें 250 युवक युवतियों ने अपना परिचय दिया। यादव एकता समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रामशरण यादव ने की। समारोह के अतिविशिष्ट अतिथि भुवनेश्वर यादव, रेवती यादव, शैलेंद्र यादव, आकाश यादव, राकेश यादव, शिवशंकर यादव, अभिलेश यादव थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री श्रीवास्तव ने समाज के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की जमकर सराहना की। उन्होंने समाज द्वारा किए गए प्रयास को बहुत ही उपयोगी और जनकल्याणकारी बताया। इस तरह के आयोजन हमें करना चाहिए। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि यादव समाज द्वारा यह पुनीत आयोजन किया गया है जो की सराहनीय है । इस अवसर पर विष्णु यादव ,राकेश यादव, कविता, महेश यादव, देव यादव,प्रियंका यादव, रामचंद्र यादव, अध्यक्ष शंकर यादव, शरद यादव, नंद किशोर यादव, मनीष यादव, महेश यादव, गोपाल यादव, शुभम यादव, पुन्नी टैम यादव, राजेश्वरी यादव, यशोदा यादव, जय श्री यादव, मंजू यादव, शिवकुमार यादव, पूनम यादव, रेखा यादव, शांति यादव, अंबिका यादव, दुर्गा यादव, वर्षा यादव आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी गीत का आयोजन किया गया साथ में बीए सेकेंड ईयर की एक्टर करण सिंह, रामनाथ साहू, आकाश यादव, मानस यादव, विनीता यादव ने रंग उत्सव मनाकर कार्यक्रम को विराम दिया। कार्यक्रम का संचालन डा सुनील कुमार यादव ने किया।



होली का पर्व मनाने के लिए सज गया बाजार, रंग और पिचकारी खरीदने के लिए लगी ग्राहकों की भीड़।

### कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस- सिमेकॉन 2026 का समापन

# भविष्य की स्वास्थ्य प्रणाली पारदर्शी और परिणामोन्मुखी हो : डा. रंजन







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल बिलासपुर की मेजबानी में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस – सिमेकॉन 2026 का 2 मार्च को समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. विनय रंजन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने की। इस अवसर पर कोल इंडिया के चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. सोमशुभ्रो गुप्ता, एसईसीएल के चिकित्सा सेवा प्रमुख डॉ. श्रुतिदेव मिश्रा तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरिहंत जैन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. रंजन ने कहा कि कोल इंडिया को गर्व है कि संगठन के पास लगभग 1200 समर्पित चिकित्सकों का सशक्त नेटवर्क है, जो 16 बड़े अस्पतालों एवं 80 से अधिक क्षेत्रीय अस्पतालों के माध्यम से देश के विभिन्न कोलफील्ड क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कर रहा है।

उन्होंने कहा कि चिकित्सक न केवल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाता हैं, बल्कि संगठन की उत्पादकता और कार्यक्षमता के महत्वपूर्ण स्तंभ भी हैं। स्वस्थ कार्यबल ही उच्च उत्पादकता की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि भविष्य की स्वास्थ्य प्रणाली तकनीक-सक्षम, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी होनी चाहिए। तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन में प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशालाओं, वैज्ञानिक सत्रों एवं तकनीकी प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया।

## 'रिफॉर्म-ट्रांसफॉर्म-परफॉर्म-इन्फॉर्म से कोल इंडिया नई ऊँचाइयों पर पहुंचेगी': ब्रजेश

कोल इंडिया लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने 2 मार्च को एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यालय स्थित ऑडीटोरियम में मिशन 2026 विषय पर व्याख्यान दिया।

श्री त्रिपाठी ने कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और सूचना साझाकरण की संस्कृति ही किसी भी संगठन को स्थायी सफलता की ओर ले जाती है। उन्होंने कार्यस्थल पर ईमानदारी और इंटेग्रिटी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इंटेग्रिटी प्रतिज्ञा दिलाई। उनके संबोधन का केंद्रीय संदेश था— "रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म, परफॉर्म और इन्फॉर्म के माध्यम से हम कोल इंडिया को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि हम निरंतर स्वयं को बेहतर बनाते रहें।" उन्होंने स्पष्ट किया कि वास्तविक सुधार केवल प्रक्रियाओं में नहीं, बल्कि हमारी सोच और व्यवहार में भी परिलक्षित होना चाहिए। एसईसीएल सभागार में आयोजित विशेष सत्र में निदेशक (तकनीकी संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, सीवीओ एसईसीएल हिमांशु जैन तथा निदेशक (तकनीकी योजना/परियोजना) रमेश चंद्र महापात्र सहित अन्य कर्मचारी और अफसर मौजूद थे। इससे पूर्व उनके दौरे की शुरुआत डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों के साथ एक प्रेरक संवाद से हुई, जहाँ उन्होंने जीवन के प्रारंभिक चरण में ही ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सीवीओ, एसईसीएल हिमांशु जैन भी उपस्थित रहे।

# किसानों में आई जागरूकता, तीन हजार हेक्टेयर कम हुआ गर्मी के धान का रकबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- वैकल्पिक अन्य फसलों पर दिया ध्यान

बीते वर्षों तक रबी के सीजन में गर्मी का धान लेने की होड़ मचाने वाले किसानों में इस साल थोड़ी जागरूकता नजर आ रही है। इस साल गर्मी के धान के रकबे में तीन हजार हेक्टेयर की कमी आई है। बीते साल जिले में 12 हजार हेक्टेयर रकबे में गर्मी का धान लिया गया था, जो कि इस साल घटकर 9 हजार हेक्टेयर रह गया है। किसानों द्वारा धान के अलावा अब अन्य वैकल्पिक फसलों पर भी दिलचस्पी दिखाई जा रही है।

ग्रीष्मकाल में पिछले कुछ वर्षों से जलस्तर में लगातार हो रही गिरावट को ध्यान में रखते हुए अब किसानों ने भी अपना रूख धान से अन्य फसलों की ओर किया है। बीमारी नहीं होने के कारण उत्पादन अधिक प्राप्त करने की लालच में किसान गर्मी के धान की फसल लेते थे, जिससे पानी की भयंकर बर्बादी होती थी। बीते साल का आंकड़ा देखें तो जिले में 12 हजार 370 हेक्टेयर रकबे में गर्मी का धान लिया गया था। इसी तरह इस साल यह आंकड़ा घटकर 9 हजार 1 सौ हेक्टेयर तक आ चुका है। एक ही वर्ष में रकबे में तीन हजार हेक्टेयर की कमी कहीं ना कहीं जागरूकता का संकेत हो सकता है।

### बीते वर्ष चरानी पड़ी थी फसल

बीते साल जलस्तर नीचे जाने के बाद ट्यूबवैल से फसल की सिंचाई नहीं हो सकी थी, जिससे सिंचाई के अभाव में फसल सूख गई, जिससे गर्मी का धान लेने वाले किसानों को फसल को पशुओं को चरानी पड़ी थी,, जिससे उनकी लागत भी वसूल नहीं हो सकी थी। यह स्थिति वैसे तो पूरे जिले में थी, लेकिन तखतपुर विकासखंड में अधिक प्रभाव देखा गया था। बीते वर्ष पशुओं को फसल चरा देने वाले ज्यादातर किसानों ने इस साल गर्मी का धान लिया ही नहीं है।

### दी जाती है समझाइश

किसानों को लगातार समझाइश दी जाती रही है। कलेक्टर के द्वारा भी किसानों को लगातार पानी का सदुपयोग करने एवं गर्मी में धान की फसल लेने से बचने की समझाइश दी जाती रही है। किसानों में धीरे से जागरूकता नजर आएगी।

पीडी हथेश्वर,
डीडीए

# भाजपा युवा मोर्चा उत्तर मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

**बिलासपुर।** विधायक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन में भाजपा जिला बिलासपुर शहर कोर ग्रुप के निर्णयानुसार भाजपा शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष वैभव गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज सोनी की अनुशंसा से भाजपा युवा मोर्चा उत्तर मंडल के मंडल अध्यक्ष विश्वजीत ताम्रकार ने उत्तर मंडल पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की है।

मंडल अध्यक्ष विश्वजीत ने कहा कि युवा मोर्चा का प्रत्येक पदाधिकारी राष्ट्रहित एवं संगठन हित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करेगा। घोषित पदाधिकारियों में मंडल अध्यक्ष विश्वजीत ताम्रकार, उपाध्यक्ष रवि सिंह, मनीष कौशिक, महामंत्री संस्कार सोनी, मंडल मंत्री तुषार साव, अशोक राजपूत, जानू साहू, अभिषेक तिवारी, प्रांजल सिंह, कोषाध्यक्ष शिवांश शुक्ला, कार्यालय प्रभारी बादल बाकरे, कार्यालय सह प्रभारी शौर्य सराफ, अनमोल तिवारी, सोशल मीडिया अनिश तिवारी, सह प्रभारी अमितेश मिश्रा, मीडिया प्रभारी प्रदीप अग्निहोत्री, सह प्रभारी जय देवांगन,प्रचार-प्रसार प्रभारी विकास यादव, सह प्रभारी सिद्धार्थ श्रीवास, मन की बात प्रभारी आयुष कश्यप, सह प्रभारी मोहन जायसवाल, मंडल खेल एवं कला प्रमुख राज पाल, सह प्रभारी आकाश दुबे, माधव शर्मा, आयुष दुसेजा, सुवर्णा, सेजल, सुनीता, विनायक, निहाल, इन्द्र, राहुल, विवेक, मयंक, देवेन्द्र, संदीप, अजय, विकास, निलेश, गौतम आदि शामिल हैं।

### अखण्ड नवधा रामायण 6 से

**बिलासपुर।** अखण्ड नवधा रामायण ग्राम परसदा परसौड़ी में 6 मार्च शुक्रवार से प्रारंभ होगा। इस इसका शुभारंभ कलशयात्रा से होगी। कथा विश्राम 15 मार्च को होगा व 16 मार्च को सहस्त्रधारा,हवन भंडारा होगा। समिति ने श्रद्धालु भाई-बहनों एवं समस्त मानस मण्डलियों से अनुरोध किया है कि नव दिवसीय अखंड नवधा रामायण श्री रामकथा संगीत गायन-वादन एवं प्रवचन कर ग्रामवासियों को कृतार्थ करें। इस कार्यक्रम में आचार्य कन्हैया लाल मिश्र अकलतरी वाले हैं। आयोजन को सफल बनाने गोरे लाल केवट , हरवंश केवट ,कीर्ति कुमार केवट, कृष्ण कुमार केवट, भीष्मकराम केवट, राम कुमार केवट , राजू लाल केवट, अनिल कुमार केवट आदि आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

# केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन करेंगे जनसुनवाई आज दिल्ली में



**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू 3 मार्च को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक नई दिल्ली स्थित भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय 6 पंडित दीनदयाल मार्ग में जनसुनवाई करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री साहू इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से भेंट कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुनेंगे तथा संबंधित विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

# एयू में प्री-पीएचडी के लिए 2 हजार 253 आवेदन

### बढ़ाई गई 7 मार्च तक आनलाइन आवेदन की तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अटल यूनिवर्सिटी में प्री-पीएचडी के लिए दूसरी बार आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है। अब स्टूडेंट्स 7 मार्च तक आनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। वैसे अभी तक यूनिवर्सिटी को 20 विभिन्न विषयों में प्री-पीएचडी के लिए 2 हजार 253 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

अटल यूनिवर्सिटी ने तीसरे बेच की पीएचडी में प्रवेश के लिए प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2026 आयोजित करने वाली है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने 30 जनवरी से प्री-पीएचडी फार्म भी आनलाइन भराना शुरू किया था। प्री-पीएचडी के लिए पहले 16 फरवरी आवेदन की अंतिम तिथि रखी गई थी, जिसे बढ़ाकर 28 फरवरी तक की गई थी। अब यूनिवर्सिटी ने प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तिथि तीसरी बार बढ़ा दी है और आनलाइन माध्यम से 7 मार्च तक आवेदन लिए जाएंगे। अभी तक यूनिवर्सिटी को आनलाइन माध्यम से 2 हजार 253 आवेदन प्री-पीएचडी के लिए मिल चुके हैं। यूनिवर्सिटी द्वारा पीएचडी के 493 सीटों के लिए प्री-पीएचडी एग्जाम आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए 16 फरवरी तक फार्म भरने की अंतिम तिथि रखी गई है। कुल 20 विषयों में पीएचडी की सीटें हैं जिनमें कंप्यूटर साइंस, सुक्ष्म जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, गणित,वनस्पति शास्त्र, भौतिकी, जन्तु विज्ञान, वाणिज्य, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, शिक्षा, विधि, पुस्तकालय विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, मनोविज्ञान विषय शामिल हैं। 493 सीटों में से 207 डीईटी मतलब प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा तथा डीईटी एक्जंप्ड श्रेणी की सीटों पर प्रवेश परीक्षा से छूट रहेगी।

### वर्ष 2023 में हुआ था प्री-पीएचडी एग्जाम

अटल यूनिवर्सिटी में पीएचडी के दूसरे बेच के लिए वर्ष 2023 में प्री-पीएचडी एग्जाम आयोजित किया गया था। उस समय 19 विषयों के लिए आवेदन आनलाइन मंगाए गए थे। अटल यूनिवर्सिटी में दोबारा पीएचडी शुरू होने से पीएचडी करने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को राहत महसूस की थी, क्योंकि बीच में कुछ सालों तक यूनिवर्सिटी में पीएचडी में प्रवेश नहीं दिया गया।

### 2015 वाला पहला बैच फंसा था विवादों में

अटल यूनिवर्सिटी में वर्ष 2015 में पीएचडी की प्रक्रिया शुरू की थी और प्री-पीएचडी के लिए मैनुअल आवेदन जमा कराए गए थे। प्री-पीएचडी परीक्षा में लगभग 1 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से लगभग ढ़ाई सौ स्टूडेंट प्री-पीएचडी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे। प्री-पीएचडी के परिणाम घोषित होने के बाद यूनिवर्सिटी ने पीएचडी में प्रवेश भी दे दिया था और कोर्सवर्क चालू होना था, तभी पीएचडी पहले बैच का प्रवेश मामला विवादों में पड़ गया था। यूनिवर्सिटी के पीएचडी 2015 में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर शिकायत हुई थी, जिसमें पीएचडी प्रवेश में आरक्षण नियमों का उल्लंघन करने की बात कही गई थी। यह शिकायत एसटी-एससी आयोग से भी की गई थी, जिसके बाद आयोग ने पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। इसके बाद ये मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया और हाईकोर्ट एवं आयोग से मामला निपटने के बाद ही पीएचडी शुरू हो पाया था।




हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## महान सेनानी राम चरण श्रीवास का 111 वीं जयंती पर किया स्मरण



**बिलासपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन द्वारा सेनानियों के स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साहित्यकार अध्यक्ष महेश श्रीवास ने कहा कि श्रीवास बंधुओं ने गुप्त पर्चे दस्तावेज रेल पटरियों के किनारे किनारे चलकर पहुँचाने का काम करते थे। महात्मा गांधी से प्रभावित होकर जेल से छूटकर श्याम टाकीज के सामने सेलून की दुकान यंग इंडिया रखा उनका पूरा परिवार स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से सहभागी रहा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने कहा कि व्यथित होकर ब्रिटिश सरकार 1942 के आंदोलन में नगर के सारे नेता गिरफ़्तार कर लिए गए तब सूचना तंत्र गुप्त दस्तावेज पर्चे रेल की पटरियों तक पहुँचाने का काम उन्हें सौंपा गया। उन्हें जेल में यातना मिली ऐसे थे नगर के राष्ट्रभक्त सेनानी। संस्था की अध्यक्ष डॉ शकुंतला जितपुरे ने बतलाया हमारे घर के समीप उनका घर था दोनो भाई नियमित पिताजी से मिलने दुकान आते सधारण कपड़े एक हाफ़ पैंट बन्डी,धोती पहनकर बच्चों को खिलाना,व्यायाम करवाना एवं देश भक्ति की शिक्षा देते थे अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते उनके योगदान की विस्तार से चर्चा की। उक्त अवसर पर सेनानी परिवार के सदस्य,डॉ शिव नाथ श्रीवास,रमेश श्रीवास ने आभार व्यक्त किया बैठक में नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारी परिवार के सदस्य सर्व डॉ शकुंतला जितपुरे,चन्द्र प्रकाश बाजपेयी,इंदर टहलियानी,सोनम साहू अनिल तिवारी, डॉ शिव नाथ श्रीवास,रमेश श्रीवास मौजूद थे।

कार्यक्रम

## छंदशाला को मिला सर्वोदय संगठन सम्मान



**बिलासपुर।** छंदों के पुनरुत्थान के लिए समर्पित संस्था छंदशाला को कोटा में सर्वोदय संगठन सम्मान से सम्मानित किया गया। छंदबद्ध रचनात्मकता एवं लेखन नवाचारों के माध्यम से साहित्य जगत में अनुकरणीय संगठनात्मक प्रतिमान स्थापित करने के महत्वपूर्ण दायित्व के लिए यह सम्मान दिया गया। ज्ञात हो कि वैश्विक आपदा काल में संस्थापिका डॉ सुनीता मिश्रा ने इस संस्था की स्थापना की थी। जिसका उद्देश्य छंदबद्ध लेखन का अभ्यास करना था। विगत 6 वर्षों में संस्था द्वारा लेखन, मंचीय कार्यक्रम, कार्यशाला, पुस्तक प्रकाशन, विमोचन, भ्रमण, सम्मान, समाज सेवा समेत अनेक क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में अतिथियों ने छंदशाला के सम्मान को गौरवान्वित करने वाला क्षण कहा और संस्था के पदाधिकारियों को मानपत्र, स्मृति चिन्ह, शॉल, श्रीफल और पुष्पहार देकर सम्मानित किया। अतिथि वरिष्ठ गीतकार मीर अली मीर रायपुर, सरोज दुर्गेश साहू नगर अध्यक्ष कोटा, विक्रम सिंह उप महाप्रबंधक राजभाषा पूर्व रेलवे और सोमप्रभा तिवारी सर्वोदय संस्था की अध्यक्ष के हाथों यह सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में छंदशाला के वरिष्ठ कवि ओमप्रकाश भट्ट, शैलेंद्र गुप्ता, देवेंद्र शर्मा पुष्प, डॉ दीनदयाल यादव, गजानंद पात्रे, श्री कपूर, प्रवेश भट्ट, अनमोल सिंहा, उषा तिवारी, मनीषा भट्ट, कामना पांडेय, सुषमा पाठक, ललिता यादव सहित साहित्य प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जागरूकता

## यातायात नियमों के पालन करने का संकल्प



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय बिलासपुर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें यातायात नियमों के पालन और नियमों की जानकारी दी गई। सभी ने यातायात नियमों के पालन करने का संकल्प लिया। आई.क्यू.ए.सी. के संयोजन में आयोजित व्याख्यान सत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे और उपनिरीक्षक यातायात उमाशंकर पांडेय ने बताया कि सड़क पर पैदल दाहिनी ओर चलना चाहिए ताकि पीछे के वाहनों की दुर्घटना से बचाव हो सके। हमेशा यू-टर्न लेकर अपने गंतव्य पर पहुंचे। नशे में वाहन नहीं चलाएं। दो, तीन व चार पहिया वाहनों में अतिरिक्त सवारी लेकर नहीं चले। दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाकर श्रेष्ठ नागरिक का सम्मान प्राप्त करें। सड़क बाधित कर जन्मदिन नहीं मनाएं। अंत में नंदलाल चौधरी, असितपाल जुनेजा, श्रीकांत सहारे ने यातायात पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ यूके श्रीवास्तव, संयोजक प्रो. राजकुमार सचदेव, प्रो.प्रेमलता वर्मा, प्रो. बृजकिशोर त्रिपाठी, प्रो. रामेश्वरी बंजारा, प्रो. एल.के. गवेल, क्रीड़ाधिकारी ज्योति यादव सहित प्राध्यापकों, विद्यार्थियों, एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। व्याख्यान का संचालन प्रो. सिद्धांत शर्मा ने किया।





सोमवार की मध्य रात्रि में होलिका दहन भद्रा के पुच्छ काल में किया गया। शुभ समय रात 12 बजकर 50 मिनट से 2 बजकर 2 मिनट तक रहा। कुल मिलाकर 1 घंटा 12 मिनट का शुभ मुहूर्त था। मंगलवार 3 मार्च को खंग्रास चन्द्रग्रहण होने से होली बुधवार 4 मार्च को खेली जाएगी।

# शुभ मुहूर्त में होलिका दहन, आज चन्द्रग्रहण, कल रंगोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ज्योतिषियों के अनुसार होलिका दहन पूर्णिमा की रात भद्रा रहित समय में किया जाता है। लेकिन इस बार स्थिति अलग है। 2 मार्च को शाम 5 बजकर 18 मिनट से भद्रा शुरू होकर 3 मार्च सुबह 4 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। पूरी रात पूर्णिमा और भद्रा दोनों साथ रहेंगे। ऐसे में शास्त्रों में बताया गया है कि भद्रा के पुच्छ भाग में होली का दहन करना बेहतर होता है। यही कारण है कि आधी रात के समय शुभ मुहुर्त में होलिका का दहन किया गया। मान्यता है कि इस समय विधिपूर्वक पूजा और दहन करने से घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।



### ये होता है पुच्छ काल

आचार्य पं. गिरधर शर्मा ने बताया कि भदरा का शुरूआती या अंतिम चरण को भद्रा का पुच्छ काल कहा जाता है। इस समय को ज्योतिष में फलदायी व शुभ माना गया है। यह आमतौर पर तीन घंटे का होता है। जब भद्रा मुख के बजाय पूंछ में होता है। इस समय पूजा, हवन, अनुष्ठान जैसे कार्यों में सफलता मिलती है।



सर्व विप्र ब्राह्मण समाज द्वारा होली मिलन समारोह किया गया, आयोजन स्थल पर रंग-बिरंगी सजावट और उत्सवी माहौल ने सभी का मन मोह लिया। जिसके बाद सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। विशेष रूप से आयोजित फूलों की होली ने कार्यक्रम में अलग ही आकर्षण जोड़ दिया। रंगों और पुष्पवर्षा के बीच माहौल पूरी तरह आनंद, उमंग और उत्साह से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर होली पर आधारित विभिन्न मनोरंजक खेलों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किटी समारोह में अध्यक्ष ऋचा पाठक, पीआरओ वर्षा तिवारी सहित समाज की अन्य सदस्याएं विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## होली मिलन उत्साह के साथ मनाया



## कान्यकुब्ज महिला प्रकोष्ठ का होली मिलन



नवयुवक कान्यकुब्ज समाज की महिला प्रकोष्ठ द्वारा होली मिलन एवं महिला दिवस के कार्यक्रम का आयोजन समाज के इमलीपारा पर स्थित कान्यकुब्ज भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नलिनी पांडे एवं विशिष्ट अतिथि रितु शैलेश पांडे, समाज की अध्यक्षा चंद्र किरण बाजपेई द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रगति शुक्ला द्वारा गणेश वंदना से की गई। विशिष्ट कार्यों के लिए समाज की महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें सीमा मिश्रा, ममता मिश्रा, वीणा पानी दुबे एवं शेफाली मिश्रा को उनके विशिष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। उसके पश्चात ज्योत्सना एवं आकांक्षा मिश्रा द्वारा नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सुमन अवस्थी एवं उनके ग्रुप के द्वारा फाग गायन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात मूर्खाधिराज का चयन किया गया। जिसमें प्रीति मिश्रा मूर्खाधिराज बनी सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चंद्र किरण बाजपेई, ममता तिवारी, डॉक्टर आरती पांडे, उषा किरण बाजपेई, मीरा मिश्रा, नमिता बाजपेई, सुमन अवस्थी, मृदुला अवस्थी, भारती दीक्षित, रिद्धि बाजपेई, उर्मिला तिवारी सहित अन्य महिलाओं ने भाग लिया।

## बिलासा कला मंच के मूर्खाधिराज बने अभिषेक



होली पर्व के उपलक्ष्य में शहर की परशु सेना की बहनों सहित अन्य संगठनों ने सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें सभी लोग एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं देकर जमकर रंग उलेड़े। होली पर आधारित गीत गाए गए। होलिका दहन की पूर्व संध्या पर बिलासा कला मंच ने 33 वां मूर्खाधिराज, अभिषेक, फाग गायन और हास्य-व्यंग्य समारोह प्रेस क्लब भवन में चंद्रप्रकाश देवरस की अध्यक्षता में आयोजित किया। इसमें मूर्खाधिराज अभिषेक से मंच के संरक्षक डॉ अजय पाठक को नवाज कर होली परिधान पहनाकर सम्मानित किया गया। मंच के भरत चंदानी ने डॉ पाठक के व्यक्तित्व, कृतित्व पर हास्य परिहास से भरपूर लेखन का वाचन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ वीरेंद्र कुमार सारस्वत कुलपति डॉ सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय ने कहा कि मंच द्वारा हास-परिहास के बीच शहर के एक विभूति को मूर्खाधिराज का पदवी देना बड़ी बात है। विशिष्ट अतिथि डॉ तारणीश गौतम ने कहा कि होली उमंग, मस्ती और हंसी ठिठोली का त्योहार है। जिसे बिलासा कला मंच आज के दौर में इतना बढ़िया मनाते हैं। मंच के संस्थापक डॉ सोमनाथ यादव ने कहा कि मंच द्वारा 33 वर्षों से लगातार नगर के विशिष्ट जनों को मूर्खाधिराज अभिषेक से नवाजा जाता रहा है।

## परशु सेना की बहनों ने दी होली गीतों की प्रस्तुति



ब्रम्ह वनिता, परशु सेना की बहनों ने फाग उत्सव मनाया एवं बजट पर चर्चा की। संस्था की संस्थापिका डॉ शोभा त्रिपाठी ने आपसी सद्भावना बनाए रखने की अपील की और बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सभी ब्राह्मण बहनों को एक मंच में लाकर एकजुट करना एवं ब्रह्म बनिताएं के रूप में संगठन को मजबूत बनाना है। संरक्षिका मीनू दुबे ने होली गीत प्रस्तुत किया। होली त्यौहार रंगों का त्यौहार है जिसमें सभी रंग एक हो जाते हैं। उपाध्यक्ष अर्चना तिवारी ने सर्व हिन्दू एकता पर जोर दिया एवं सभी बहनों के साथ बजट पर चर्चा की। साथ ही महिला दिवस एवं जल संरक्षण पर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। होली गीतों व हर्बल गुलाल के साथ फूलों की होली खेली गई। मुख्य अतिथि सरयूपारीय संगठन की संस्थापिका राजश्री मिश्रा रहीं। उत्सव में महिलाओं ने कई गेम खेले। जिसमें प्रथम व द्वितीय पुरस्कार भी दिया गया। उन्होंने पर्यावरण का संदेश देते हुए हर्बल गुलाल से होली खेलने लोगों से अपील की। इसके साथ ही जल को संरक्षित करने पानी का दुरूपयोग न करने आग्रह किया।

## होली मिलन में एकजुटता का दिया संदेश



परशुसेना द्वारा होली के पावन अवसर पर एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, एकजुटता एवं प्रेम की भावना को सुदृढ़ करना था।कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं युवा वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर पारंपरिक रंग-गुलाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आपसी मिलन के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। परशुसेना से विनय शर्मा और राजकुमार तिवारी ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने और भेदभाव मिटाने का पर्व है। हमें इस अवसर को सामाजिक सद्भाव और एकता को मजबूत करने के रूप में मनाना चाहिए।

## आदर्श होली के लिए जन जागरूकता रैली




गायत्री परिवार ने व्यसन मुक्त आदर्श होली के लिए गायत्री शक्तिपीठ बिनोबानगर से एक जनजागरूकता रैली निकाली, जो विद्यानगर शिव मंदिर से होते हुए वार्ड 27 के गलियों में संदेश दिया एवं शक्तिपीठ आकर रैली का समापन किया गया। इस यज्ञीय पर्व को छोटे-बड़े का भेद भुलाकर जनमानस एकाकार होकर प्रेम और सद्भाव के रूप में व्यसन मुक्त आर्दश होली मनाना चाहिए। रैली में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी हेमराज वैश्य सहित सभी ट्रस्टीगण, जिला समन्वयक नंदिनी पाटनवार, जिला समन्वय समिति के सदस्यगण, जिला महिला प्रभारी आशा सुलतानिया, दिया ग्रुप के सभी सदस्य शामिल हुए।

## फूलों के रंग व चंदन से खेली गई होली



आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग कार्यक्रम हुआ। जिसमें पहले यज्ञ किया गया। यज्ञ के बाद आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने भजन और बहन संध्या शर्मा ने होली मिलन का गीत-होली से होली भूला दो इसे, आज मिलने मिलाने का त्यौहार है..पेश किया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि यह पर्व बहुत प्राचीन पर्व है। हमें स्वस्थ व सुखी रहना है तो भाईचारे व प्रेम को बढ़ाना होगा। पुनः वेदों की ओर लौटना होगा। इसमें पलाश के फूलों के रंग और चंदन से होली खेली गई। कार्यक्रम में दुखभंजन जायसवाल, आशीष, विधि बत्रा, रेखा सूर्यवंशी चिंगराजपारा, देव यादव, विक्की केंवट, कुंजराम पटेल सपरिवार उपस्थित थे।

## निधन

### भगवती देवी पाण्डेय



**बिलासपुर।** बिरकोना निवासी भगवती देवी पाण्डेय का 2 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। वे स्वर्गीय व्यासनारायण पाण्डेय की धर्मपत्नी एवं आशुतोष पाण्डेय की माता थीं।

### शीला पांडेय



**बिलासपुर।** ग्राम लालपुर निवासी श्रीमती शीला पांडेय का सोमवार 2 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार, 3 मार्च को गृह ग्राम लालपुर में सुबह 10 बजे होगा। वे त्रिलोचन प्रसाद पांडेय की पत्नी, रामनारायण पांडेय, दिलीप कुमार पांडेय, हरनारायण पांडेय, ईश्वरी पांडेय, पूनम पांडेय की मां थीं।

### भगतराम साहू



**बिलासपुर।** लिंगियाडीह निवासी भगतराम साहू का 2 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 मार्च को सुबह 10 बजे ऊर्जा पार्क स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रामबाबू, श्यामबाबू, सालिकराम, मालिक राम, पुनीतराम के पिता थे।

### पवन कुमार हेमनानी



**बिलासपुर।** पुराना सरकंडा लोधी पारा नवीन पेंट के सामने रहने वाले पवन कुमार हेमनानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 मार्च को सरकंडा मुक्तिधाम में दोपहर 12 बजे किया जाएगा। वे स्वः माधव दास हेमनानी के सुपुत्र एवं राजकुमार हेमनानी व अमर वाधवा के पिता थे।

### सरस्वती यादव



**बिलासपुर।** जेल लाइन के सामने रहने वाली सरस्वती यादव का 2 मार्च को निधन हो गया। वे 45 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. मालिक राम यादव की पत्नी, कुंवरिया यादव की बहू व वासु यादव की मां थीं।

### स. कुलजीत सिंह अरोरा



**बिलासपुर।** पंचवटी कॉलोनी शनि मंदिर राजकिशोर नगर के पास रहने वाले स. कुलजीत सिंह अरोरा का स्वर्गारोहण 2 मार्च को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 मार्च को दोपहर 12 बजे उनके निवास राजकिशोर नगर से मधुबन, नारियल कोठी, दयालबंद के लिए निकलेगी। वे स. जितेंद्रपाल सिंह अरोरा, स. सुमिंदर पाल सिंह अरोरा, तरनजीत कौर, परमजीत कौर के पिता थे।

### श्रीमती जे. भारती



**बिलासपुर।** शीला पार्क राजकिशोर नगर निवासी जे.भारती का 1 मार्च को निधन हो गया। वे 68 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 2 मार्च को तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे जेबीआर मूर्ति की पत्नी एवं जेराम कृष्ण मूर्ति की माता थीं।

### रामेश्वर प्रसाद कौशिक



**बिलासपुर।** ग्राम हरदी कला निवासी रामेश्वर प्रसाद कौशिक पिता स्व. ननकी कौशिक का 2 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम हरदीकला में किया गया। वे मुकेश कुमार कौशिक के पिता थे।

---

### श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन

# धार्मिक आयोजनों से होता है ऊर्जा का संचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने क्षेत्रीय प्रवास के दौरान ग्राम रबेली में मनोज कश्यप के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सहभागिता की।

इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत संपन्न होने पर श्री साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कामना की कि यह पावन स्थापना ग्रामवासियों के लिए आस्था, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक प्रेरणा का केंद्र बने। श्री साहू ने



आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की। अपने प्रवास के दौरान श्री साहू ने लोरमी क्षेत्र के विभिन्न शोकाकुल परिवारों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति सहानुभूति प्रकट की तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि उन्हें इस दुःख की घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करने ईश्वर से प्राथना की।

#### झाफल में श्रीमद् भागवत महापुराण 5 से

समीपस्थ ग्राम झाफल में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 5 मार्च से किया जाएगा। व्यासपीठ से क्षेत्रीय कथा व्यास पण्डित दिनेशचन्द्र तिवारी कथा रस प्रवाहित करेंगे। कथा आचार्य पं. चंद्रचूड़ तिवारी व परायण कर्ता पं. पवन पांडेय और जापकर्ता पं. राघवेंद्र दुबे रहेंगे। कथा के मुख्य यजमान रामजानी कुलमित्र और सुदर्शन कुलमित्र झाफल वाले रहेंगे।

### 23 वाहनों पर की गई चालानी कार्रवाई

**मुंगेली।** जिला परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच में मोटरयान अधिनियम के तहत कुल 23 वाहनों पर कार्रवाई की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 12 हजार 800 रुपये शमन शुल्क के रूप में वसूले गए, जबकि 10 हजार 800 रुपये की ई-चालान कार्रवाई की गई। इस प्रकार दो दिनों में कुल 23 हजार 600 रुपये की राजस्व वसूली की गई। जिला परिवहन अधिकारी असीम माथुर ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह अभियान चलाया गया। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज, फिटनेस, परमिट, ओवरलोडिंग, सुरक्षा मानकों एवं अन्य आवश्यक प्रावधानों की जांच की गई। जिन वाहनों में खामियां पाई गईं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई।

# डिप्टी सीएम ने लखीमपुर लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों के भाजपा पदाधिकारियों की ली बैठक



**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनज़र 25 फरवरी से चार दिवसीय असम प्रवास पर गए हैं। वे असम प्रवास पूरा कर रायपुर लौटे। प्रवास के दौरान उन्होंने प्रभार लोकसभा लखीमपुर के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के साथ-साथ गुवाहाटी में आयोजित संगठनात्मक बैठकों में शामिल हुए। असम भाजपा प्रदेश कार्यालय की बैठक में उन्होंने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

श्री साव 1 मार्च को धेमाजी, मसकुआ (सिसिबोरगांव विधानसभा) एवं जोनाई विधानसभा के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष, विस्तारक के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने शनिवार को जिला मुख्यालय तिनसुकिया में जिला एवं विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों संग चुनावी रणनीति, जनसंपर्क अभियान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने डूमडूमा और सदिया में आयोजित बैठकों में तैयारियों की समीक्षा करते हुए बूथ प्रबंधन को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही लखीमपुर और विधानसभा क्षेत्र नोबोइचा में भी जिला और विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी चुनाव के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। बता दें कि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उन्हें लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र की 9 विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने भाजपा पदाधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने राज्य के विकास को नई गति प्रदान की है।

# अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह कल

**बिल्हा।** अग्रवाल सेवा समिति सहित महिला व नवयुवक समिति ने 4 मार्च बुधवार को राणी सती दादी मंदिर में होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लियाहै। होली मिलन समारोह 4 बजे से 6 बजे तक रखा गया है, जिसमें समाज के सभी सदस्यों को परिवार सहित और सभी समितियां को आमंत्रण है। आयोजन में गीत संगीत गुलाल एवं विभिन्न गतिविधियों के साथ मस्ती भरा माहौल रहेगा। होली का त्यौहार आपसी प्रेम सद्भाव भाईचारा सामाजिक एकता एवं परिचयात्मक उद्देश्य से किया जाता है, जो समाज को सुदृढ़ करने में मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान जलपान की विशेष व्यवस्था की जाएगी। समाज के सभी सदस्यों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की आवश्यकता है।

# गवर्नमेंट एम्पलाइज ने सौंपा ज्ञापन

**मुंगेली।** गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर जिला स्तरीय एकीकृत स्थानीय परीक्षा कक्षा 9वी एवं 11 वीं के लिए प्रत्येक विद्यालय प्रत्येक विद्यार्थी की दर से 30 रुपये से 20 रुपये प्रति छात्र करने की मांग की है। संगठन के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सोनकर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के प्रदेश महामंत्री बसंत बंजारे, सनत बंजारे, जिला संयोजक मनीराम ध्रुव ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय डीपी आई ने सत्र 2025-26 साल भर के लिए 150 रुपये फीस लेने का प्रावधान किया और उस फीस से तिमाही छमाही और वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जाता हैं। परंतु वर्तमान सत्र में तिमाही छमाही जिला स्तर पर प्रश्न पत्र देकर फोटो कापी में ज्यादा खर्च हुआ। वहीं 90 प्लस अभियान के कारण प्रति माह मूल्यांकन व प्रीबोर्ड परीक्षा, अंकसूची में ज्यादा खर्च हो गया। जिसके कारण विद्यालय में ज्यादा बोझ वहन करना पड़ता है। ऐसी स्थिति से जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर 30 रुपये के जगह 20 रुपये प्रति छात्र करने की मांग संगठनने की हैं। उक्त जानकारी संगठन सचिव रोहित डिंडोरे, प्रवक्ता विजय मरखंडे ने दी हैं।

# भाजपा के विभिन्न मोर्चों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भारतीय जनता पार्टी में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से किसान मोर्चा, युवा मोर्चा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की नियुक्ति की घोषणा की गई है।

- किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रितेश, भाजयुमो अध्यक्ष बने राकेश

यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति से जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी की ओर से की गई है। जारी सूची के अनुसार किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष के रूप रितेश यादव, महामंत्री शंकर सिंह ठाकुर, विश्वनाथ साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पद पर राकेश साहू, महामंत्री घनेन्द्र राजपूत, राजेंद्र साहू को नियुक्त किया गया है। वहीं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में महाजन जायसवाल, महामंत्री रामकुमार साहू, टीकाराम वर्मा को दायित्व प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न मार्चों में उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, आईटी सेल संयोजक सहित कार्यसमिति सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भी नई टीम का स्वागत करते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया है। उकेच जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने दी।

# श्रीपतेश्वर मंदिर में गूंजा हर-हर महादेव

> फागुन शुक्ल चतुर्दशी का यह दुर्लभ सर्वार्थ सिद्धि योग मनोकामनाओं की पूर्ति का दिव्य अवसरः शर्मा



सीपत। होली पर्व पर नगर स्थित प्राचीन श्रीपतेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का विशेष रुद्राभिषेक, विधि-विधान से पूजा-पाठ एवं भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। फागुन मास की शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि पर आयोजित इस आध्यात्मिक अनुष्ठान ने पूरे क्षेत्र को हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान कर दिया। इस विशेष पूजन का संचालन पंडित राजकुमार शर्मा (सरवानी वाले) ने किया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्रीपतेश्वर महादेव का दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं महाआरती संपन्न कराई। मंदिर प्रांगण में उपस्थित श्रद्धालु मंत्रों की ध्वनि और शंखनाद के बीच भक्ति रस में डूबे नजर आए। पंडित राजकुमार शर्मा ने बताया कि फागुन शुक्ल चतुर्दशी में स्वार्थसिद्धि योग का संयोग अत्यंत दुर्लभ और सिद्धिदायक होता है। इस मुहूर्त में किया गया रुद्राभिषेक जीवन के समस्त कष्टों को हरने वाला और मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला होता है। इस अवसर पर सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, प्रदीप सोमलता पाण्डेय, राजेंद्र रोशनी कौशिक, विनोद सुलोचना यादव, दीपेश शीतू गुप्ता, राहुल गुप्ता, श्रीमती रेखा तिवारी, नरेंद्र कर्ष, दिलीप साहू, दुर्गेश भोई, रमेश नारायण पांडेय, राजकुमार रजनी भोई, पूजन आचार्य चंद्रकाश शर्मा सहित विभिन्न मोहल्लों एवं वर्गों के श्रद्धालु सपत्नीक उपस्थित रहे।

# किसान का दो एकड़ का पैरावट जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम विठल्दा में अज्ञात कारणों से किसान के दो एकड़ फसल का पैरावत जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के सूचना पर दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने पहले कड़ी मेहनत कर घरों मकान को आग से बचाया। किसान बैसाखू राजपूत सहित अन्य लोगों का पैरावट था। किसान ने बताया कि मवेशी के लिए रखा चारा कटिया अन्य चारागाह भी आग में जल गए।



ग्रामीण ने किसान के लिए मुवायजा की मांग की है।



## श्रीवास प्रीमियर लीग गौरव का विषय: त्रिलोक

बिलासपुर। संभाग श्रीवास समाज एवं क्रिकेट आयोजन समिति द्वारा श्रीवास प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। स्पर्धा के समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांत सर्वसेन समाज के प्रांतीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास ने शामिल हुए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केश कला बोर्ड के उपाध्यक्ष चित्रकांत श्रीवास, पुलिस इंस्पेक्टर सूर्यकांत भारद्वाज, जिला अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष पीआर श्रीवास, मनोज श्रीवास, इंजीनियर केवल श्रीवास रायपुर गोरेलाल श्रीवास कोरबा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न श्रीवास, मुंगेली सेन समाज जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास, श्रृष्टि सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास ने किया। इस मौके पर त्रिलोक श्रीवास ने कहा कि श्रीवास प्रीमियर लीग का लगातार तीसरे वर्ष आयोजन करना अपने आप में गौरव का विषय है। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष संतोष श्रीवास एवं आभार संभागीय सचिव चंद्रमणि श्रीवास ने व्यक्त किया। अवसर पर आयोजन समिति के प्रमुख विकास श्रीवास नवीन श्रीवास विनय श्रीवास मनी श्रीवास निखिल श्रीवास संतोष श्रीवास कोषाध्यक्ष शुभम श्रीवास सुमित श्रीवास सह - सचिव, विक्की श्रीवास सोनू श्रीवास ने अतिथियों का सम्मान किया।

---

**शपथ पत्र**

**जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र में संशोधन किये जाने हेतु**

मैं रितेश पाण्डेय पिता/पति रमाकांत पाण्डेय उम्र 46 वर्ष, मूल निवासी कुदुदण्ड पो.ऑ. बिलासपुर तह. बिलासपुर थाना सिविल लाईन जिला बिलासपुर (छ.ग.) निम्न कथन करता/करती हूँ :-

1. यह कि शिशु अथर्व पाण्डेय पिता का नाम रितेश पाण्डेय का जन्म दिनांक 27.04.2021 को स्थान ग्राम/नगर/ अस्पताल कुदुदण्ड बिलासपुर तहसील बिलासपुर थाना सिविल लाईन जिला बिलासपुर (छ.ग.) में हुआ था। 2. यह कि जन्म पंजीयक के रिकार्ड एवं जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र में लिपिकीय त्रुटिवेश शिशु का नाम/पिता का नाम/माता का नाम/पता अथर्व पाण्डेय दर्ज हो गया है। 3. यह कि वर्तमान में जन्म प्रमाण पत्र में शिशु का नाम/पिता का नाम/माता का नाम/पता एकाग्र पाण्डेय दर्ज करवाना चाहता/चाहती हूँ, जिसके लिये आवश्यक वैधानिक दस्तावेज मेरे द्वारा संबंधित जन्म-मृत्यु पंजीयक को उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त के संबंध में सभी नियम / शर्तें मुझे मान्य है। 4. यह कि पूर्व में जारी जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र को मेरे द्वारा कहीं पर भी किसी भी प्रकार के शासकीय अथवा निजी कार्य में उपयोग में नहीं लाया गया है एवं भविष्य में किसी प्रकार के त्रुटि पाये जाने पर मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/ रहूंगी। 5. यह कि यह शपथ पत्र उपर्युक्त विवरण अनुसार जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र में विधिवत संशोधन दर्ज कर प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिये प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता शपथकर्ती**

---

**न्यायालय राजस्व निरीक्षक तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना प्रकाशन ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /2025-26
ग्राम- पकरिया प.ह.नं. 14

एतद् द्वारा ग्राम पकरिया तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन सिंह पिता कुंजबिहारी सिंह जाति ठाकुर साकिन पकरिया तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा मौजा ग्राम-पकरिया प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में भूमि खसरा नम्बर 1066/2 रकबा 0.170 हे. भूमि का विधिवत सीमांकन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में न्यायालय राजस्व निरीक्षक के द्वारा दिनांक 25/3/26 का सीमांकन समय 12 बजे से शाम 5 बजे तक किया जावेगा। अतः हितबद्ध पक्षकार जगदेव सिंह ठाकुर पिता दरबार सिंह निवासी रतनपुर को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को उपस्थित रहे।

आज दिनांक 2/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**राजस्व निरीक्षक**
**तखतपुर**

---

**सार्वजनिक नोटिस**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ऋषु शर्मा, पत्नी संजय शर्मा, निवासी महावीर नगर, बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (केंद्र शासित प्रदेश), के स्वामित्व में हैं। वे खसरा संख्या 399/34, क्षेत्रफल 0.017 हेक्टेयर, मौजा तिफरा, पीएचएन 40, आरएनएम बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित संपत्ति की मालकिन हैं। ऋषु शर्मा यह संपत्ति मोहम्मद इकबाल अंसारी, पुत्र मोहम्मद जमाल अंसारी को बेच रही हैं, क्योंकि मोहम्मद इकबाल अंसारी, पुत्र मोहम्मद जमाल अंसारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड से ऋण लेना चाहते हैं। संजय शर्मा की पत्नी ऋषु शर्मा ने विक्रेता माधुरी शर्मा (विजय कुमार शर्मा की पत्नी) से दिनांक 27.03.2014 के पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से उपरोक्त संपत्ति खरीदी है। विजय कुमार शर्मा की पत्नी माधुरी शर्मा ने विक्रेता सविता बाई, संतोष कुमार साहू की पत्नी से दिनांक 24.09.2010 को पंजीकृत विक्रय विलेख (पुस्तक संख्या 1, खंड Vol.no 18394, पृष्ठ संख्या 9 से 18, विलेख संख्या 2570) के माध्यम से उपर्युक्त संपत्ति खरीदी है। दिनांक 24.09.2010 की बिक्री विलेख और विलेख संख्या 2570 खो गई है। यह पूर्व विलेख के खो जाने के संबंध में आम जनता के लिए सूचना है। यदि किसी बैंक, वित्तीय संस्थान या अन्य व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वे समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद सभी आपत्तियां अमान्य हो जाएंगी।

दिनांक 02-03-2026

**सम्मान - अधिवक्ता डी.के.बजाज**
**मो.नं.-7024053415**

---

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता तारा नादम पति श्री कुंदन नादम, के स्वामित्व व आधिपत्य की अचल संपत्ति मौजा उस्लापुर प.ह.नं. 60, रा.नि.मं.एवं तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित है। जिसका खसरा नं. 150/3 क्षे.2400 वर्गफुट है। जिसे मैंने स्वयं क्रेता कुंदन कुमार पिता विजय कुमार ने क्रय करने का पक्का सौदा तय किया है जिसका निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना तय है।

इस संव्यवहार में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, वितिय संस्थान एवं बैंक को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। तय समय के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जानें।

**भवदीय**
**कुंदन कुमार**
**पिता विजय कुमार**
**नि.पटेल गली बैमा नगोई**
**रामाग्रीन सिटी गेट नं. 01 के सामने बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो नं. 9693340643**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. ./2025-26 ग्राम भरनी तहसील - सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती रोशनी बाई पुत्री अयोध्या प्रसाद उर्फ बलराम प्रसाद पति धीरज कुमार के द्वारा ग्राम भरनी, पहनं. 49, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 399/8 रकबा 0.2570 हेक्टेयर भूमि का बंटवारा हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त खसरे की हल्का पटवारी से से प्राप्त फर्द बंटवारा सूची अनुसार फर्द प्रकाशन किया जाना है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 10/03/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। सुनवाई दिनांक के उपरांत कोई दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/03/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार सकरी**

---

**आम सूचना**

मौजा सरकंडा, प.ह.न. 32, रा.नि.म. सरकंडा, तहसील बिलासपुर, अंतर्गत नगर पालिका निगम बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ0ग0 क्षेत्रांतर्गत स्थित भूमि ख.न. 1208 में से (नया ख.न. 1208/3) क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट भूमि है जिसे कन्हैया लाल दुबे पिता स्व. श्री केदारनाथ दुबे निवासी पुराना सरकंडा बिलासपुर छ.ग. के द्वारा श्रीमति शशि पाण्डेय पति श्री भोला प्रसाद पाण्डेय निवासी सरकंडा बिलासपुर बिलासपुर छ.ग. के पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 14/12/1990, ग्रंथ क्रमांक 7208, पृष्ठ क्रमांक 16-17 पंजीयन क्रमांक 5715 पंजीयन कार्यालय बिलासपुर छ.ग. के माध्यम से विक्रय किया गया है। उक्त भूमि को श्रीमति शशि पाण्डेय द्वारा श्रीमति दुर्गा पाण्डेय पति श्री शिव पाण्डेय निवासी वार्ड न. 07 ग्राम व पोस्ट पतगवां तहसील पेंड्र जिला जी पी एम वाली को विक्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त भूमि पर श्रीमति दुर्गा पाण्डेय का मालिकाना हक व कब्जा है। उक्त विकय पत्र श्रीमति दुर्गा पाण्डेय से कही गुम हो गया है। श्रीमति दुर्गा पाण्डेय द्वारा उक्त भूमि को बंधक कर आदित्य बिरला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. से ऋण लिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, वित्तिय संस्थान, बैंक, समिति को कोई आपत्ति हो तो अविलंब दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधी पश्चात आपत्ति अमान्य होगा। सो सूचना जानें।

दिनांक 02/03/2026

**भवदीय**
**M.L.Yadav 'Advocate'**
**MIG 2/14, Narmada Nagar, Bilaspur C.G.**
**Email: advmlyadav.bsp@gmail.com**
**Contact:9300325314**

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र. अ-63/2025-26,
ग्राम पेण्डारी, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पेण्डारी प.ह.न. 47 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जानकी बाई उम्र 69 वर्ष आ. स्व. भुखऊ, पति स्व. नत्थू प्रसाद जाति तेली, निवासी नेवास तह. बेलतरा, जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम पेण्डारी, प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 255/1 रकबा 0.06 ए. भूमि को आवेदिका के पिता द्वारा, दिनांक 05.02.1979 को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से अनावेदगण के पिता स्व. मेलऊ राम से क्रय किया गया है। क्रय पश्चात विधिवत नामांतरण क्रमांक 06 आदेश दिनांक 20.03.1979 को नामांतरण कर काबिज कास्त है। वाद भूमि खसरा नम्बर 255/1 रकबा 0.06 ए. भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड अनावेदक क्रं. 1 तुलसीराम पिता स्व. मेलउ राम के नाम पर त्रुटिपूर्ण इन्द्रजा हो गया है। जो कि त्रुटिपूर्ण है, जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ.ग.भू.रा.सं. 1959 के तहत परिवर्तित भूमि में दुरूस्त किये जाने हेतु इस न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 16-03-2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार सकरी**

---

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
**(सक्सेशन सर्टिफिकेट मिलने के लिए दी गई दरखास्त का नोटिस) इंडियन सक्सेशन एक्ट 1925 दफा 372 (1)**

प्रोसेस नंबर.... सक्सेशन प्र.क्र.- 10/2026
पेशी तारीख - 12.03.26

अलोक कुमार पाल...आवेदक **विरुद्ध**
भारतीय डाक विभाग वगै...अनावेदक

प्रति,
आम जनता (जिनका हित हो)

इस न्यायालय में आवेदक/आवेदिका अलोक कुमार पाल द्वारा मायापाल व अमलेन्दु कुमार का भारतीय डाक विभाग में जमा राशि 6,40,954/- रु. (छः लाख चालिस हजार नौ सौ चौवन रु. के सम्बन्ध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु एक आवेदन पत्र प्रस्तत किया गया हैं, उक्त आवेदन की सुनवाई 12/03/2026 को 11:00 बजे मेरे न्यायालय में होगी।

अतः जिस किसी को उक्त दर्शित मृतक मायापाल व अमलेन्दु कुमार की उक्त सम्पत्ति में कोई अधिकार या हित हो तो आवेदन की सुनवाई तारीख 12/03/2026 को या यदि उस दिन किसी कारणवश सार्वजनिक अवकाश हो जाये तो आगामी कार्य दिवस को इस न्यायालय के समक्ष दिन के 11:00 बजे उपस्थित होकर सुनवाई मे भाग लेवे तथा अपना पक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र सही मान्य कर दिया जावेगा। उक्त नोटिस आज दिनांक 25/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय का मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**(असलम खान)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**// आमसूचना //**

मैं अपने मुवक्किला सुनीता कश्यप, उम्र करीब 47 वर्ष, पिता स्व. रामवतार कश्यप, पति शिवनारायण कश्यप निवासी- गोकुल नगर, घुरू-अमेरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. वाले से अधिकृत व नियुक्त कर, उनके कहे एवं बताये अनुसार निम्न आशय की आमसूचना का प्रकाशन कराता हूं। संबंधित पक्षकार दीपक कश्यप पिता स्व. रामवतार कश्यप, शरद कश्यप पिता स्व. रामवतार कश्यप, दोनों निवासी-जूना बिलासपुर, हाल मुकाम- ब्रिलियण्ट पब्लिक स्कूल के पास नगोई, बिलासपुर छ.ग. वाले एवं आम जनता, वित्तीय, शासकीय, अर्द्ध-शासकीय संस्थायें एवं निकाय अवगत होवें कि मेरे मुवक्किला सुनीता कश्यप, स्व. रामवतार कश्यप की पुत्री है, उक्त कारण से उसका स्व. रामवतार कश्यप एवं उसकी पुश्तैनी संपत्ति पर पूर्ण रूप से विधिक हक, अधिकार, हिस्सा निहित है। वर्तमान में मौजा जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 36, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 312/2, 312/5, 315/8, 321/1, 331/12, 520/2, 521/1 रकबा कमशः 0.0120हे, 0.0200हे., 0.0730हे., 0.0455हे., 0.0170हे., 0.0220हे. 0.0360हे. एवं ग्राम नगोई, प.ह.नं. 17, तहसील बेलतरा, जिला बिलासपुर छ.ग. मे स्थित भूमि खसरा नंबर 634/1 रकबा 0.2260हे., ख.नं. 59/2 रकबा 0.1410 हे. संपत्ति को दीपक कश्यप, शरद कश्यप वगैरह के द्वारा अवैध व विधि विपरीत तरीके से अपने नाम पर दर्ज कराकर उपरोक्त सम्पत्ति को अवैध एवं विधि विपरीत तरीके से विक्रय किया जा रहा है। वर्तमान में कश्यप परिवार की सम्पत्ति को लेकर राजस्व न्यायालय एवं व्यवहार न्यायालय में मामला लंबित है एवं उपरोक्त संपत्ति सहित अन्य संपत्ति को लेकर मेरे मुवक्किला के द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अतः कोई भी व्यक्ति, उपरोक्त संपत्ति को लेकर कोई भी कय, विकय, अंतरण, नामांतरण की कार्यवाही न करें, अन्यथा ऐसा समस्त संव्यवहार मेरे मुवक्किला के हितों के विपरीत होकर अवैध, विपरीत एवं शून्य होगा तथा क्रेता को कोई अधिकार प्राप्त नही होगा तथा वह न्यायालयीन कार्यवाही एवं उक्त मे आने वाले समस्त हर्ज, खर्च, परिणाम के जिम्मेवार होंगे।

दिनांक : 02.03.2026

**भवदीय**
**(मनीष वर्मा)**
**अधिवक्ता**
**साई निवास, विद्या नगर बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र./अ-63/2025-26,
ग्राम हांफा तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम हांफा प.ह.न. 44 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमल कुमार पाण्डेय उम्र 71 वर्ष पिता स्व. रामजी पाण्डेय जाति ब्राम्हण, निवासी बी-122 शाहपुरा हुजूर त्रिलंगा भोपाल मध्यप्रदेश के द्वारा लेख किया है कि मौजा हांफा प.ह.नं. 44 रा.नि.म. व तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 75/2 में से रकबा 0.27 एकड़/0.1092 हे. आपसी बंटवारा नामांतरण पंजी क्रमांक 15 वर्ष 1991-92 अनुसार आवेदक विमल कुमार पिता रामजी को प्राप्त होकर काबिज कास्त है। आपसी बंटवारा पश्चात बढ़ते क्रम में खसरा नं. 75/3 रकबा 0.27 एकड़/ 0.1092 हे. आवेदक के नाम खसरा पांचसाला वर्ष 2001-01 से 2006-07 तक दर्ज है। वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में खसरा नंबर 75/3 रकबा 0.27 एकड़ /0.1092 हे. दर्शित नहीं हो रही है। जो त्रुटिपूर्ण है। उक्त भूमि को आवेदक के नाम अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु धारा 115 छ.ग.भू.रा.सं. के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 16.03.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 25.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार सकरी**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ /अति.तह./वा./2026
बिलासपुर दिनांक 05/02/2026

ग्राम खैरा (ल) के सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम खैरा (ल) प.ह.नं. 28 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 367/6 रकबा 0.0230 हे. एकड़ भूमि की फौती नामांतरण/नामांतरण/अभिलेख सुधार के लिए श्री तिलकराम आ. स्व. पीताम्बर पटेल निवासी खैरा (ल) द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 13.03.26 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक...../..../2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**Public Notice**

This is to inform general public that Rishu Sharma W/o Sanjay Sharma R/o Mahaveer Nagar Bilaspur, Tah. Bilaspur Dist. Bilaspur (C.G.) is having ownership over the Property situated at Property bearing Diverted Land Khasra No.399/34,Area 0.017hec, Mouza Tifra, PHN.40, RNM Bilaspur, Tah. Bilaspur, Dist. Bilaspur (C.G.) and Rishu Sharma is selling the property to Mohammad Iqbal Ansari S/o Mohammad Jamal wants to avail loan Ansari. As Mohammad Iqbal Ansari S/o Mohammad Jamal Ansari facility from Axis Bank Ltd.

Rishu Sharma W/o Sanjay Sharma has purchased the aforesaid property from The Seller Madhuri Sharma W/o Vijay Kumar Sharma through the Registered Sale Deed Dated 27.03.2014

Madhuri Sharma W/o Vijay Kumar Sharma has purchased the aforesaid property from The Seller Savita Bai W/o Santosh Kumar Sahu through the Registered Sale Deed Dated 24.09.2010 vide Book no 1, Vol.no 18394, Page no 9 to 18, Deed no 2570

As sale deed Dated 24.09.2010 and Deed no 2570 has been lost.

This is the general public notice regarding loss of previous deed if any bank, financial institution, and other person have objection they can place there objection within 7 days from the newspaper publication afterwards all objection will be null and void.

**Regards**
**Advocate D.K.Bajaj**
**7024053415**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक/कार्यालय/रा.नि./क्यू./2026
कानी / दिनांक 05/02/2026

1 प्रभादेवी अग्रवाल पिता - स्व. मुन्नालाल अग्रवाल 2 जीतेन्द्र कुमार अग्रवाल 3 कलावती केशरवानी 4 सरस्वती शिशु मंदिर

विषय :- सीमाकंन में उपस्थित होने बावत सूचना पत्र।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम सेंदरी प.ह.न. 46 राजस्व निरीक्षक मंडल कोनी तहसील व जिला - बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नम्बर 2153/1, 2174/2 रकबा क्रमशः 0.2190, 0.0610 हे. के सीमाकंन हेतु छ.ग. भू-राजस्व सहिता 1959 की धारा 129 के तहत तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमाकनं दिनांक 10/03/26 को समय 11.00 से 5.00 बजे के किया जाना है अतः आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक कोनी**

---

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### डडसेना कलार समाज के अध्यक्ष बने सूरज



**पथरिया।** नगर के डडसेना कलार समाज की बैठक रविवार को कलार समाज भवन में आयोजित की गई। बैठक में सूरज मोंटू जायसवाल पिता स्व. गोरे लाल जायसवाल को पथरिया नगर डडसेना कलार समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नगर के वरिष्ठ व्यापारी ओंकार डडसेना को उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष पद पर देवेंद्र डडसेना तथा सचिव पद पर चंद्रकुमार डडसेना एवं गौतम डडसेना को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में नारायण जायसवाल, दुजाराम जायसवाल, संतु डडसेना, बलराम जायसवाल, बलदाऊ जायसवाल, महेश जायसवाल, मन्नू जायसवाल, शिवकुमार जायसवाल, सुमित डडसेना, संपत जायसवाल, नोहर जायसवाल, रामलाल जायसवाल, मनोहर, दुलार, पीलाराम, लीलाराम, गेंदु, मनक सुंदर, मायाराम, मूलचंद, राहुल, दादू, परमेश्वर, अश्वनी, कमल, संजय, जय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### नए जपं सीईओ से मिला पंचायत सचिव संघ



**पथरिया।** ग्राम पंचायत सचिव संघ जनपद पंचायत पथरिया इकाई ने जनपद पंचायत के नवनियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल झा से मुलाकात की। जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में संघ के अध्यक्ष संतोष साहू एवं पदाधिकारियों ने सीईओ का अभिनंदन किया। इस अवसर पर संघ के प्रतिनिधियों ने नवपदस्थ सीईओ को जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों की कार्यप्रणाली, चुनौतियों एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल कुमार ने सचिवों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सचिव संघ के अध्यक्ष संतोष साहू, उद्धव साहू, रघुवीर साहू, कुंज राम, राकेश क्षत्रिय, भागवत कुर्रे और पंचायत इंस्पेक्टर बंजारे के साथ विभिन्न ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

### ऑटोमोबाइल कंपनी में हुआ पंकज का चयन



**तखतपुर।** टीबीएस शासकीय पॉलिटेक्निक के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 6वें सेमेस्टर के छात्र पंकज पटेल का चयन देश की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी में जूनियर इंजीनियर ट्रेनी पद पर हुआ है। पंकज ने अपनी निरंतर मेहनत, अनुशासन, लगन और तकनीकी दक्षता के बल पर कठिन प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार दोनों चरणों को सफलता पूर्वक उत्तीर्ण की। यह उपलब्धि न केवल पंकज और उनके परिवार के लिए, बल्कि संपूर्ण टीबीएस शासकीय पॉलिटेक्निक तखतपुर परिवार के लिए भी गौरव का क्षण है। उनकी सफलता यह दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन, समर्पण और सतत प्रयास से बड़े से बड़े लक्ष्य को भी प्राप्त किया जा सकता है।

### लहरिया के प्रयास से 9 करोड़ के कार्यों को मिली स्वीकृति



**मस्तूरी।** विधायक दिलीप लहरिया के प्रयास से विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए 9 करोड़ 28 लाख 21 हजार रुपयों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों से क्षेत्र में धार्मिक, पर्यटन एवं सिंचाई सुविधाओं को नया विस्तार मिलेगा। सभी कार्यों की सम्मिलित स्वीकृति से मस्तूरी क्षेत्र में विकास को नई दिशा मिलेगी। विशेष रूप से सिंचाई योजनाओं के सुदृढ़ीकरण से किसानों को सीधा लाभ मिलेगा, वहीं पर्यटन एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यों से स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस मौके पर विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि मस्तूरी विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए मेरा प्रयास निरंतर जारी है।

### क्षत्रिय राठौर समाज ने मृत्युभोज में मिष्ठान को किया प्रतिबंधित



**मोपका।** ग्राम गतौरा में हुई जिला ग्रामीण छत्रीय राठौर समाज की बैठक में मृत्युभोज में मिष्ठान के उपयोग को किया प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया है। प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार राठौर एवं महामंत्री राजेंद्र राठौर बिलासपुर ग्रामीण इकाई के अध्यक्ष धनंजय सिंह राठौर ने ग्राम रांक अध्यक्ष रामेश्वर राठौर, उपाध्यक्ष रामफल राठौर सहित ग्राम रांक के पंचराम राठौर परिवार के स्व. रामलाल राठौर के दशगात्र में एवं राम प्रसाद राठौर के भाई स्व. रामफल राठौर के दशगात्र में मीठा पूर्ण बन्द करने का निर्णय लिया गया। कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र राठौर ने कहा कि मंच माला से परे रहकर धरातल पर कार्य करने में विश्वास रखते हैं। बैठक में पंचराम एवं रामप्रसाद राठौर को सम्मानित किया गया। इस दौरान लक्खु राठौर, नारायण, घनश्याम, सुरेश, सुरेंद्र, रघुवीर, जगेश्वर, गतौरा से दशरथ सिंह, उमेश राठौर, दारासिंह, शिव प्रसाद, रामेश्वर, दिग्विजय सिंह राठौर मीडिया प्रभारी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### स्कूली छात्रों में दिखा होली का उत्साह, कल मनेगा रंगोत्सव

# सजी रंग-गुलाल और पिचकारी की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

होली के एक दिन पूर्व ही बच्चे, युवाओं एवं स्कूली विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। रंगों के त्यौहार में बच्चे एवं युवा वर्ग एक-दूसरे पर रंग गुलाल डालकर होली त्यौहार की शुरूआत कर दिए है। इस बार होली के सामान की दुकानों में भीड़ लगी हुई है। शक्कर से बनाई जाने वाली माला हरवा, किराना दुकान एवं रेडीमेड कपड़ों की दुकानों में भीड़ नजर आ रही है।

नगर के मेन रोड गोल बाजार एवं दाऊपारा तथा पड़ाव चौक में सहित मुख्य मार्गो पर सड़क के किनारे रंग गुलाल एवं पिचकारियों दुकाने लगी हुई है। इस बार मोटू-पतलू जैसे कार्टून कैरेक्टर की पिचकारियां के साथ-साथ शाहरूख, सलमान और हनी सिंग के बाल ब्रिक्री के लिए आए हुए है। रंग गुलाल में हर्बल गुलाल एवं तोता ब्राण्ड पसंद किया जा रहा है। रंग गुलाल पिचकारी से होली बाजार में रौनक छाई हुई है। पिचकारियों में गन, टैंक पिचकारी के अलावा डाइनोसार टेडी बियर पिचकारी बच्चों को लुभा रही है। तरह-तरह की आवाज निकालने वाले भोंपू भी बच्चों को लुभा रहे है। होली में अजब-गजब रंग भरने के लिये तरह-तरह की टोपियॉ बाजार में ब्रिक्री होते रही। रंग गुलाल एवं पिचकारी विक्रेताओं ने बताया कि इस बार पिछले वर्ष की तुलना में ग्राहको द्वारा खरीददारी कम की जा रही है। त्यौहार नजदीक आते ही रंग गुलाल की मांग बढ़ गई है। दुकानदारों ने बताया कि मुर्गा टोपी के साथ-साथ रंगबिरंगे बाल ग्राहकों द्वारा पसंद किये जा रहे है। मुखौटे भी बच्चो द्वारा मांग की जा रही है। होली पर्व को लेकर एक दिन पूर्व ही लोगों में काफी उत्साह का माहौल बना हुआ है।



एक-दूसरे को रंग लगाती छात्राएं।

### 50 मिनट का होगा चंद्र ग्रहण

रंग पर्व होली इस बार चंद्रग्रहण के कारण एक दिन आगे बढ़ गई है। सोमवार को होलिका दहन के अगले दिन यानी मंगलवार को होने वाले चंद्रग्रहण की वजह से रंगोत्सव बुधवार यानी 4 मार्च को मनाया जाएगा। यह खंड चंद्रग्रहण दोपहर 3.20 बजे से ही लग जाएगा, लेकिन भारत में सायंकाल चंद्रमा ग्रहण लगा हुआ ही उदित होगा। इसकी कुल अवधि देश में 50 मिनट की होगी। ग्रहण के कारण उत्सव, भोजन, गमनागमन व अन्य मांगलिक कार्य वर्जित हो जाते हैं। ज्योतिषाचार्य पं. दीनानाथ उपाध्याय के अनुसार, फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा अर्थात तीन मार्च को लगने वाला यह चंद्रग्रहण भारतीय समयानुसार दोपहर 3.20 बजे आरंभ होकर सायं 6.48 बजे तक रहेगा, परंतु भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के अलावा बंगाल, उप्र, मप्र, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान आदि क्षेत्रों में आंशिक रूप से खंड चंद्रग्रहण के रूप में सूर्यास्त के बाद चंद्रोदय काल से दिखाई देगा। इसीलिए इन क्षेत्रों के लिए उदयकाल ही ग्रहण के आरंभ का काल माना जाएगा, क्योंकि ग्रहण जिस क्षेत्र में जिस समय पर दिखाई देता है, वही उसका काल होता है। पं. दीनानाथ उपाध्याय के अनुसार 3 मार्च को शाम 4.33 बजे से चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि लग जाएगी, जो 4 मार्च को 4.15 बजे तक रहेगी।

## देर रात शुभ मुहूर्त में हुआ होलिका दहन



**तखतपुर।** रंगों का पर्व होली पूरे क्षेत्र में हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। होली पर्व को लेकर युवा, बच्चे, बुजुर्ग सभी वर्ग में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। दो दिन पूर्व से ही बाजार में रंग पिचकारी और गुलाल खरीदने वालों की भीड़ दिख रही है। आज दिन भर सुबह से बाजार में भीड़ रही। लोग दैनिक उपयोग की सामान खरीदने के लिए सुबह से ही दुकानों में पहुंचे और देर रात तक सामान खरीदते रहे।

पंडित जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा की रात भद्रा रहित मुहूर्त में किया जाता है। इस साल होलिका दहन का मुहूर्त 2 मार्च की रात्रि में 12:50 से 2:30 बजे तक है इसके बाद फिर ग्रहण सूतक और भद्रा रहेगा इसलिए इस बीच ही होलिका दहन किया जाना ठीक रहेगा। ग्रहण के कारण 3 मार्च को होली न खेलकर ग्रहण मोक्ष के बाद 4 मार्च को होली खेली जाएगी। शाम होते ही युवा और बच्चों होलिका दहस्था स्थल पर लकड़ी इकट्ठा करना शुरू किया और शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया। होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन भी चुस्त है और किसी भी तरह की अनहोनी से निपटने के लिए पुलिस तैयार है। पुलिस द्वारा रात्रि में गश्त भी किया गया और हुड़दंगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि आपसी और सौहार्द्रपूर्ण पूर्ण वातावरण में यह होली का पर्व मनाया जाए।

## गुरुकुल स्कूल में मना होली उत्सव



**तखतपुर।** गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होलिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर गुरुकुल के डायरेक्टर अवधेश सिंह ठाकुर ने कहा कि उच्च शिक्षा, उच्च संस्कार ही अच्छाई का आधार है। रंगों का उत्सव होली आपसी भाईचारे का त्योहार है इसे उमंग और सादगीपूर्ण तरीके से मनाएं। प्राचार्य अरविन्द कुमार पांडेय ने धर्म की जीत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है अनुशासन को सर्वोपरि रखना चाहिए, रंगों में पक्के रंग का उपयोग न करें और जल बचाएं। इस अवसर पर आचार्य दिनेश्वर सिंह ठाकुर, लक्ष्मी कांत तिवारी, मोहन पांडेय, नरेन्द्र कुमार पांडेय, योगेश टेकवानी आचार्या जय श्री गुप्ता, सुनीता द्विवेदी, शांति टेकवानी, विन्ध्वासिनी कौशिक, अनामिका गुप्ता, सुनीता देवांगन गुरुकुल परिवार की शाला संसद की अध्यक्ष बहिन आकांक्षा मनहर, उपाध्यक्ष अंकिता महादेवा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## होली पूर्व बच्चों ने भेल, मटर, गुपचुप का लिया आनंद



**लोरमी।** ग्राम सेमरसल में बच्चों को चाट गुपचुप खिलाकर होली पूर्व आनंद उत्सव मनाया गया। जहां बच्चों का संग वहां बाजे मृदंग, होली का रंग, बढ़ जाता उमंग। सेवानिवृत्त प्रधानपाठक द्वारिकादास वैष्णव ने होली पर्व पर प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला सेमरसल के सभी 250 से अधिक बच्चों को गुपचुप चाट और भेल का आनंद दिलाया। सेवानिवृत्ति के बाद से ही लगातार शिक्षक द्वारिकादास अनेक विद्यालयों में उक्तानुसार कार्यक्रमों का सुंदर संयोजन कर चुके हैं। इस मौके पर प्रधानपाठक आत्माराम कश्यप, शिक्षक राकेश पांडेय, राजकुमार कश्यप, उमाशंकर राजपूत, पुष्पा चतुर्वेदी, आरती गुप्ता, ललिता शर्मा, स्मिता सिंह, स्वतंत्र ध्रुव, संकुल समन्वयक रामकुमार साहू, ताम्रध्वज कश्यप, साजन कश्यप, अरुण साहू सहित नंदनी, परमेश्वरी, सोमेश्वर, मेघा, दिव्या, सारिका, नेहा, राजनंदनी, देवेंद्र, राधिका, माही, सुमन, सुशांत, दुर्गेश, योगेश्वरी, ज्योति, प्रियांशु, आरती, हरेश्वरी, शैलेंद्र, प्रेमकुमार, सुहाना सहित अन्य मौजूद थे।

## आपसी प्रेम-भाईचारे का संदेश देता है होली का पर्व



**दगोरी।** कुंटी पारा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति गोविंद यादव थे। उन्होंने कहा कि रंगों का त्यौहार होली पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। यह पर्व हमें आपस में जोड़ता है। जनपद सभापति राजकुमार साहू ने कहा कि हमें मिलजुलकर पर्व मनाना चाहिए। ग्राम पटेल ज्वाला प्रसाद सन्नाट, एडवोकेट श्यामता प्रसाद सन्नाट ने आपसी प्रेम भाईचारे के साथ पर्व मनाने की बातों पर बल दिया। इस मौके पर फाग मंडली ने फूलों की होली में शामिल होकर फाग गीत की प्रस्तुति दी। आयोजन प्रमुख श्याम सुंदर सन्नाट थे। इस मौके पर राधेश्याम कौशिक, बलदाऊ कौशिक, सालिक राम साहू, शत्रुघन साहू, बिश्राम दास मानिकपुरी, मेलऊ राम कौशिक, जवाहिर कौशिक, बद्री कश्यप, गंगा निर्मलकर, महेंद्र सूर्यवंशी, भारत यादव, मूरीत विश्वकर्मा, तनसिंह सन्नाट, छबिलाल कौशिक, दर्शन लाल कौशिक, मनमोहन कौशिक, छन्नू राम कौशिक, संजीव सन्नाट, धरम लाल कौशिक, रंजीत कौशिक, लालाराम कौशिक, भागीरथी निषाद, श्रवण कौशिक भागीरथी कौशिक,सीताराम कौशिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## हत्या का प्रयास कर सोने का लॉकेट लूटने वाले 3 गिरफ्तार



**मुंगेली।** हत्या का प्रयास कर सोने का लॉकेट लूटने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया। आरोपियों से सोने का लॉकेट एवं घटनाक्रम से संबंधित मोबाइल जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार ताम्रज सिंह पिता बलवंत उम्र 21 वर्ष निवासी झाफल थाना लोरमी 2 मार्च की रात्रि 3.30 बजे रायपुर जाने के लिए घर से इक क्रमांक सीजी 28 यू 7390 से निकला था। सुबह करीबन 4.15 बजे मुंगेली लोरमी तिराहा से पहले पंहुचा था कि तीन लोगों ने उसे रास्ते में रुकवाया और सोने का लाकेट लूट लिया। उन्होंने बाइक की हेड लाइट को पत्थर मारकर तोड़ दिया। मना करने पर मारपीट भी की। प्रार्थी की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में धारा 109(1), 309(4), 126 (2), 324(4), 296, 351(3), 3(5) के तहत जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल के आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से आरोपियों की पहचान कर संदेही आशीष शिवारे, यशवंत रावते, देवेश सोनी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने घटना कारित करना स्वीकार कर लिया। आरोपी यशवंत रावते से एक नग मोबाईल एवं आरोपी देवेश सोनी से एक नग सोने का लाकेट जब्त कर आरोपी आशीष शिवारे पिता दुर्गा शिवारे उम्र 29 वर्ष निवासी केशवपुर मुंगेली, यशवंत रावते पिता गौतम रावते उम्र 27 वर्ष निवासी केशवपुर मुंगेली, देवेश सोनी पिता सतीश सोनी उम्र 24 वर्ष निवासी महामाई वार्ड सोनारपारा मुंगेली को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## अलग-अलग जगहों से देसी व विदेशी शराब जब्त



**मुंगेली।** होली पर्व के मद्देनजर आबकारी विभाग द्वारा जिले भर में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 1 मार्च को टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर 10.6 लीटर देसी एवं विदेशी मदिरा जब्त किया गया। अभियान के तहत दाऊपारा एंड्रूज वार्ड में धर्मेंद्र निर्मलकर एवं जैनेंद्र साहू के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार मल्हापारा, मुंगेली में अश्मिन गुप्ता (22) के विरुद्ध धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत मामला कायम कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि होली जैसे प्रमुख त्यौहारों के दौरान अवैध शराब की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है। जिले की संयुक्त टीम द्वारा लगातार दबिश देकर संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की जा रही है, ताकि त्योहार के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे। अवैध मदिरा के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## यूरोप की यात्रा पर गए गोस्वामी परिवार को लौटने की चिंता



**मुंगेली।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, कांग्रेसी नेता एवं कबीर पंथ से जुड़े गुरु परिवार के सदस्य गुरु हेमेंद्र गोस्वामी परिवार सहित इन दिनों यूरोप यात्रा में है। बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव और उड़ानों के रद्द होने की खबरों के बीच उन्होंने यात्रा स्थगित कर स्वदेश लौटने की इच्छा जताई है।

हेमेंद्र गोस्वामी ने बताया कि वे गुरुवार को मुंगेली से रायपुर पहुंचे, वहां से हवाई मार्ग से मुंबई रवाना हुए। शुक्रवार को मुंबई से दुबई के लिए उड़ान भरी और शुक्रवार रात दुबई से स्विट्जरलैंड के लिए प्रस्थान किया। शनिवार को दुबई में हुए हमले की खबर सामने आने के बाद परिवार की चिंता बढ़ गई। वर्तमान में वे स्विट्जरलैंड में हैं। हालांकि मौजूदा युद्ध जैसी परिस्थितियों और उड़ानों के रद्द होने की खबरों के चलते उन्होंने आगे की यात्रा रद्द करने का निर्णय लिया है। हेमेंद्र गोस्वामी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव के कारण कई मार्गों पर उड़ानों में बदलाव और रद्द होने की सूचनाएं मिल रही हैं। इसी कारण वे जल्द से जल्द भारत लौटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि परिवार की सुरक्षा सर्वोपरि है और स्थिति सामान्य होने तक विदेश प्रवास जारी रखना उचित नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि दुबई में छत्तीसगढ़ के बड़ी संख्या में लोग इस समय हैं, जिससे हमले की खबरों ने प्रवासी समुदाय में चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, दुबई अंतरराष्ट्रीय व्यापार और पर्यटन का प्रमुख केंद्र है, फिर भी क्षेत्रीय तनाव का प्रभाव हवाई यातायात पर पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार, स्विट्जरलैंड में प्रत्यक्ष युद्ध जैसी स्थिति नहीं है और सामान्य जनजीवन शांतिपूर्ण है। फिर भी पूरे यूरोप में सुरक्षा सतर्कता बढ़ाई गई है। वर्तमान हालात को देखते हुए परिवार जल्द से जल्द भारत लौटने के विकल्प तलाश रहा है।

### सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश

## कलेक्टर ने किया आधार पंजीयन व बायोमैट्रिक अपडेट कार्य का निरीक्षण

**मुंगेली।** गुरूकुल विद्या मंदिर टेमरी में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आधार पंजीयन एवं बायोमैट्रिक अपडेट कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पंजीयन प्रक्रिया, तकनीकी व्यवस्थाओं तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य को शीघ्र, सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि, आधार अपडेट होने से विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति सहित अन्य सुविधाओं का लाभ समय पर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि, अद्यतन आधार से दस्तावेजों को डिजिलॉकर में सुरक्षित रखना भी आसान हो जाता है। उन्होंने विद्यालय स्तर पर शत–प्रतिशत आधार पंजीयन एवं बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि, जिले के चिन्हांकित स्कूलों में 'मोर आधार मोर पहचान' अभियान के अंतर्गत 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए बायोमेट्रिक अद्यतन एवं नए आधार पंजीयन हेतु विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से शासकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत ऐसे बच्चों, जिनका आधार कार्ड अभी तक नहीं बना है या जिनका बायोमेट्रिक अपडेट लंबित है, उनका विद्यालय परिसर में ही पंजीयन कर आधार कार्ड तैयार किया जा रहा है। इससे अभिभावकों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं, और समय की बचत हो रही है। इस दौरान अपर कलेक्टर जीएल यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



ईडीएम चिप्स की जिला प्रबंधक सोनम तिवारी ने बताया कि अब तक 11 हजार 50 से अधिक बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट एवं नए आधार पंजीयन किए जा चुके हैं। जिले में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति के प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की इस पहल से विद्यार्थियों को शासकीय योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सकेगा तथा आधार सेचुरेशन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति सुनिश्चित होगी।

## हेपेटाइटिस बी-सी की रोकथाम के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिले में हेपेटाइटिस बी एवं सी की रोकथाम, समय पर पहचान और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों को हेपेटाइटिस की रोकथाम, स्क्रीनिंग, रिपोर्टिंग एवं उपचार संबंधी अद्यतन दिशानिर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था, ताकि जिले में वायरल हेपेटाइटिस उन्मूलन की दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित की जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि समय पर जांच और उपचार से संक्रमण को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। विशेष रूप से उच्च जोखिम समूहों में नियमित स्क्रीनिंग और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से कोयला चोरी करते दो युवक पकड़े गए

**बिलासपुर।** ट्रेन से कोयला चोरी करते सीआईएसएफ स्टाफ ने दो युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, एनटीपीसी के सिनियर मैनेजर देव प्रभाकर तिवारी पिता सुखदेव तिवारी ने रिपोर्ट लिखाई। 1 मार्च को रात 1.30 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली एमजीआर रेलवे ट्रैक पर प्लांट से चार किलोमीटर दूर ग्राम परसाही एवं दर्राभांठा के बीच एनटीपीसी रेलवे ट्रैक पर कोयला चोरों ने ब्रेक पेशर पाइप निकालकर ट्रेन खड़ी करने के बाद ट्रेन पर चढ़कर कोयला चोरी करने का प्रयास कर रहे हैं। एनटीपीसी सीआईएसएफ स्टाफ ने मौके पर जाकर कोयला चोरी करते खांडा निवासी भूपेन्द्र कमल, दीपक पोर्ते को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मैनेजर की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 305 सी, 305 ई के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रेमिका ने की खुदकुशी प्रेमी को 7 साल कैद

**बिलासपुर।** जिला न्यायालय ने अनाचार के बाद शादी से इनकार करने पर प्रेमिका के खुदकुशी कर लेने के मामले में प्रेमी युवक को 7 साल कैद की सजा सुनाई है।



पचपेड़ी क्षेत्र की रहने वाली एक युवती अपने पिता के साथ कमाने खाने ऊटी गई थी। वहीं सुलौनी निवासी गोलू उर्फ रामकुमार उर्फ अनिल दिवाकर पिता पुरूषोत्तम दिवाकर 24 साल भी गया था। वहां दोनों के बीच में प्रेम संबंध हो गया। स्वास्थ खराब होने पर युवती अकेले घर लौट गई। कुछ दिन बाद गोलू उर्फ अनिल दिवाकर भी गांव लौट गया। उक्त युवक शादी करने का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो गोलू उर्फ अनिल दिवाकर ने शादी करने से इनकार कर दिया। इससे 26 मार्च 2024 को युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश मनीषा ठाकुर ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोपी गोलू उर्फ अनिल दिवाकर को धारा 306 में 7 साल कठोर कारावास व 5 हजार रुपए अर्थदण्ड पटाने की सजा सुनाई है।

### सखी वन स्टॉप सेंटर में दावा आपित्त 12 तक

**बिलासपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सखी वन स्टॉप सेन्टर में विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों की जांच पूरी कर ली गई है। अब इन आवेदनों पर दावा-आपत्ति 5 मार्च से 12 मार्च तक पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे स्थित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। मूल्यांकन सूची जिले की वेबसाइट बिलासपुर डॉट जीओवी डॉट इन में देखी जा सकती है। गार्ड, नाइट गार्ड पदों के लिए 4 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। बाद में मिलने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### सिम्स में डीन और अधीक्षक ने ली डॉक्टरों की बैठक, आपातकालीन सेवाओं, वार्डों की व्यवस्थाओं, दवाइयों की उपलब्धता पर की चर्चा

# होली पर सिम्स के इमरजेंसी वार्ड में मिलेगी इलाज की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली पर्व के दौरान अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा चिकित्सा सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से सिम्स अस्पताल में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अस्पताल के विभिन्न विभागों के डाक्टर, नर्सिंग अधिकारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं, वार्डों की व्यवस्थाओं, दवाइयों की उपलब्धता तथा मरीजों के उपचार से संबंधित तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि त्योहार के दौरान भी अस्पताल की सभी स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित होती रहें और किसी भी मरीज को उपचार में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों की सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता है। त्योहारों के दौरान भी चिकित्सकीय सेवाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। सभी डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियन एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में होली त्योहार मनाया जाना चाहिए। उन्होंने रासायनिक एवं हानिकारक रंगों के उपयोग बचने की नसीहत दी है। साथ ही किसी भी दुर्घटना या स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में तुरंत स्वास्थ्य केंद्र या सिम्स अस्पताल पहुंचने की अपील की है। बैठक में वार्ड चिकित्सा से संबंधित डॉ. आरती पांडे, डॉ. संगीता रमन जोगी, डॉ. प्रतीक कुमार, डॉ.ओपी राज, डॉ. अमित ठाकुर एवं डॉ. समीर पैकरा उपस्थित रहे। इसके अलावा नर्सिंग अधीक्षक सरिता बहादुर सहित नर्सिंग स्टाफ की ओर से उज्जवला दास, पुष्पलता शर्मा तथा नेहा उड़ान भी बैठक में मौजूद रहीं।



बैठक में डॉक्टरों से चर्चा करते सिम्स के डीन।

### अस्पताल में चालू रहेंगी आपातकालीन सेवाएं

होली पर्व को देखते हुए अस्पताल में आपातकालीन सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखा जाएगा। सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित कर विभागों में आवश्यक दवाइयों, उपकरणों तथा अन्य चिकित्सा संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया है। वार्डों में भर्ती मरीजों की नियमित निगरानी की जाए, आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की टीम हमेशा तैयार रहेगी।

**-डॉ. लखन सिंह**
चिकित्सा अधीक्षक

## बिजली विभाग की अपील इन नंबरों पर करें शिकायत

होली पर्व को देखते हुए बिजली विभाग ने सतर्कता बरत रहा है। जहां एक ओर बिजली तारों के नीचे होली दहन की मनाही की गई है, वहीं कपड़ा फाड़ होली खेलने को लेकर भी विभाग ने लोगों से अपील की है।

- **विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने अलर्ट मोड पर रहेगा बिजली विभाग**

विशेष जागरूकता एवं सतर्कता को लेकर विद्युत विभाग दुर्घटना से बचने लोगों से अपील कर रहा है। विद्युत दुर्घटना से बचने सबस्टेशनों, खंबें, लाईन तथा ट्रांसफार्मरों के निकट होलिका दहन नहीं करने की बात कही गई है। साथ ही होली में उन्मादी प्रवृत्तियों के चलते कई बार सड़क पर लगे तारों पर कपड़े फाड़ कर टांग दिए जाते है, जिससे शार्ट सर्किट होने का अंदेशा बना रहता है। विभाग ने हिदायद देते हुए ऐसा नहीं करने और शिकायत होने पर कार्रवाई की बात कही है। होली पर्व में बिजली संबंधी शिकायतों के लिए कॉल सेंटर, फ्यूज आफ कॉल सेंटर सामान्य दिनों की तरह खुले रहेंगें। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कॉल सेंटर का 1912 में 24 घंटे कॉल लॉक कराया जा सकेगा। इसके अलावा दुर्घटना की शिकायत पॉवर कंपनी के बिजली मितान वाट्सएप नंबर 9425551912 पर दर्ज किए जाएंगे।

### इन नंबरों पर मिलेगी सुविधा

नेहरूनगर - 7089905378,
इंदूचौक - 8871581532 ,
गोलबाजार - 07752-427035,
सरकंड़ा - 6232047137,
कोनी - 9425532398,
व्यापार विहार - 07752-427032,
पीजीबीटी - 07752-427040,
तोरवा - 07752-427039,
राजकिशोर नगर - 07752-240033,
सिरगिट्टी सेक्टर - 9407689424,
तिफरा - 9826134802,
बहतराई - 9691040894
सकरी -9171884534

## कानून व्यवस्था बनाए रखने तैनात रहेंगे अफसर

होली पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी की ड्यूटी विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगाई गई है। कलेक्टोरेट से मिली जानकारी के अनुसार तहसीलदार प्रकाश साहू को सिविल लाइन एवं तारबहार, अतिरिक्त तहसीलदार गरिमा ठाकुर को सिरगिट्टी थाना क्षेत्र, अतिरिक्त तहसीलदार प्रकृति ध्रुव को कोनी एवं सरकंडा थाना क्षेत्र, अतिरिक्त तहसीलदार आकाश गुप्ता को कोतवाली एवं तोरवा थाना क्षेत्र, नायब तहसीलदार टोपलाल सिदार को पुलिस कंट्रोल रूम के लिए तैनात किया गया है।

## होली के पहले पुलिस एक्शन में

होली के पहले पुलिस ने गुण्डा बदमाश व चाकूबाजी करने वाली की धरपकड़ शुरू कर दी है। पुलिस ने एक दिन में 20 बदमाश, 4 चाकूबाज, 8 फरार वारंटी को पकड़कर कोर्ट में पेश कर दिया है।

- **21 बदमाश 4 चाकूबाज गिरफ्तार**



होली के पहले 2 मार्च को सिविल लाइन पुलिस ने मृत्युंजय सिंह पिता केदारनाथ सिंह 42 साल डबरीपारा निवासी को पकड़कर चाकू बरामद किया है।

इसी तरह राजा ओझा पिता स्व. ईश्वरदीन ओझा 50 साल सरजूबगीचा, धर्मेन्द्र खाण्डे पिता रामझूल 32 साल तालापारा, रवि सिंगरौल पिता राजकुमार सिंगरौल 27 साल धूरीपारा मंगला, रितिक ध्रुव पिता परदेशी 19 साल धूरीपारा मंगला, आदित्य सिंगरौल पिता श्रवण 19 साल धूरीपारा, बब्लू उर्फ रोहित साण्डे पिता लालाराम 25 साल जबड़ापारा, चंद्रप्रकाश बंजारे पिता रोहित बंजारे 30 साल पन्ना नगर व कोनी पुलिस ने सागर साहू पिता स्व. जेलश्वर साहू 20 साल छोटी कोनी, आकाश उड़िया पिता राजू सोनी 22 साल छोटी कोनी, सिरगिट्टी पुलिस ने फरार गिरफ्तारी वारंटी राजेश ध्रुव पिता बहोरन ध्रुव नयापारा, लोकेन्द्र तिवारी पिता देवदत्त तिवारी धूमा, प्रमोद कुर्मी पिता स्व. राज सिरगिट्टी, राकेश ध्रुव पिता शीतल नयापारा, पवन साहू पिता बोधराम साहू नयापारा, चंदन गोस्वामी पिता साधुशरण नयापारा, सुभाष साहू पिता मुकेश साहू नयापारा, दीप रोशन पिता स्व. घनश्याम तिफरा व तारनक निर्मलकर तिफरा, सत्यनारायण यादव सिरगिट्टी, अमन श्रीवास पिता संजय नयापारा के पास 3 नग चाकू बरामद किया गया है। उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है। सुरेश यादव पिता मुन्ना यादव नयापारा, मुखी वर्मा पिता रघुवीर वर्मा तिफरा निवासी पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। सरकण्डा पुलिस ने अंकित तिवारी उर्फ विक्की पिता अरूण कुमार तिवारी अशोकनगर, दीपक सूर्यवंशी पिता स्व. श्रवण सूर्यवंशी चिंगराजपारा, मनोज धीवर उर्फ माचो पिता दिलहरण जोगी आवास, दिनेश विश्वकर्मा पिता सखराम पचरीघाट जूना बिलासपुर निवासी पर प्रतिबंधित धारओं के तहत कार्रवाई की गई है। पचपेड़ी पुलिस ने चंद्रिका पटेल भटचौरा, रमेश पटेल भटचौरा, बिलासराम जांगड़े मनवा, रिंगू उर्फ सूरज ठाकुर पतईडीह, राजकुमार वर्मा चिल्हाटी, मुरारी लाल यादव जोंधरा निवासी को प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## रेलवे करेगी यात्रियों का उपचार

रेल प्रशासन ने होली पर्व के दौरान यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए बीमारों कें लिए विशेष अस्थायी उपचार की सुविधा देने का आदेश जारी किया है, जिसके बाद उसलापुर सहित अन्य स्टेशनों पर उपचार पोस्ट स्थापित किया गया है।

- **उसलापुर सहित अन्य स्टेशनों पर सुविधाएं**

होली पर्व के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन 15 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का परिचालन उन स्टेशनों के बीच कर रही है, जिस रूट पर जाने वाली सामान्य ट्रेनों में सबसे अधिक भीड़ होती है। स्पेशल ट्रेनों के बजाय नार्मल एक्सप्रेस, सुपरफास्ट सहित लोकल मेमू, पैसेंजर ट्रेनों में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ बढ़ गई है। होली पर्व में सभी अपने-अपने घरों में आना-जाना करने लगे हैं। हजारों की संख्या में सफर करने वाले यात्रियों में कई बीमार यात्री भी होते हैं, जिनकी बीच रास्ते में या फिर संबंधित स्टेशनों में अचानक तबीयत बिगड़ जाती है। इन बीमार यात्रियों का समय पर उपचार नहीं हो पाता है। इसे देखते हुए रेल प्रशासन ने 1 से 7 मार्च तक एक विशेष पहल करते हुए प्रमुख रेलवे स्टेशन इतवारी, गोंदिया, रायगढ़, शहडोल, रायपुर के अलावा बिलासपुर डिवीजन के आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में प्रथम उपचार पोस्ट स्थापित किया है। यात्रियों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए इन प्रथम उपचार पोस्ट पर आवश्यक दवाइयां, प्राथमिक चिकित्सा उपकरण तथा प्रशिक्षित चिकित्सकीय कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। अस्थायी प्रथम उपचार केन्द्रों का उद्देश्य सफर के दौरान अस्वस्थ होने वाले, चोटिल होने वाले अथवा किसी भी आपात स्थिति में सहायता की आवश्यकता वाले यात्रियों को त्वरित एवं प्रभावी चिकित्सकीय सहायता प्रदान करना है। संपूर्ण अवधि के दौरान चिकित्सकीय दल 24 घंटे उपलब्ध रहेगा और गंभीर मामलों में निकटवर्ती रेलवे एवं सरकारी हास्पिटल के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र उपचार सुनिश्चित किया जाएगा।




### 82 होली स्पेशल ट्रिप्स

60 ट्रिप्स की होली स्पेशल एसईसीआर के विभिन्न स्टेशन से होकर गुजरेगी। रेलवे स्टेशनों में व्यापक प्रबंध किए गए हैं। भीड़ को देखते हुए प्लेटफार्म, एफओबी सहित रेल परिसर में नियंत्रित करने कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। स्टेशनों एवं ट्रेनों में अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती, आरपीएफ और वाणिज्य विभाग की निगरानी, यात्रियों को सुरक्षित बोर्डिंग के लिए प्रेरित करना, मंडल नियंत्रण कक्ष एवं वार रूम से रियल टाइम मानिटरिंग से ट्रेन संचालन, फर्स्ट एड बूथ एवं मेडिकल की सुविधा उपलब्ध, हेल्प डेस्क एवं अतिरिक्त टिकिट चेकिंग स्टाफ की तैनाती व अन्य व्यवस्था की गई है।

## बिल्डर ने कहा-एफआईआर दुर्भावनापूर्ण सीसीटीवी फुटेज के जरिए जांच की मांग

**ड्रीम इन्क्लेव कॉलोनी में रास्ते को लेकर हुए विवाद का मामला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा थाने में कराई गई एफआईआर के मामले में बिल्डर गौरव तिवारी ने पुलिस अधीक्षक से ड्रीम इन्क्लेव कॉलोनी में हुई घटना की सीसीटीवी फुटेज निकालकर जांच कराने की मांग की है।

ड्रीम इन्क्लेव में ईडब्ल्यूएस के लिए रास्ते को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी। इस मामले में पिछले दिनों नगर निगम के अमले के साथ कुछ लोगों के बीच बहस भी हुई थी। इसके बाद एक महिला की रिपोर्ट पर सरकंडा थाने में श्री तिवारी के खिलाफ गाली गलौज और आईटी सेल की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

- **गौरव तिवारी ने की एसएसपी से शिकायत**

रविवार को उन्होंने थाने जाकर जमानत कराई। सोमवार को बिल्डर गौरव तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को एक आवेदन सौंपा। इस आवेदन में उन्होंने बताया कि घटना के दिन 24 फरवरी को शाम 8 बजे से रात 9 बजे के बीच वे अपने दफ्तर परिसर में थे, वे नगर निगम की कार्रवाई के समय भी घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे। इस बात की तस्दीक आस-पास के घरों की सीसीटीवी फुटेज से की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज डिलीट होने से पहले रिकवर कर मामले की तटस्थ तरीके से जांच की जाए। श्री तिवारी ने कहा कि उनके खिलाफ दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रिपोर्ट कराई गई है, जिसकी जांच आवश्यक है।

### आरक्षक की पत्नी ने महिला से की मारपीट

**बिलासपुर।** तिफरा पुलिस कालोनी में आरक्षक की पत्नी ने बेवा महिला के साथ जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने आरक्षक की पत्नी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, तिफरा पुलिस कालोनी सी ब्लाक मकान नम्बर 502 निवासी स्व. प्रधान आरक्षक देवचरण मरावी की पत्नी ममता मरावी ने रिपोर्ट लिखाई। 2 मार्च की सुबह 7.30 बजे वे अपने बेटे का स्कूल जाने लिए पार्किंग में छोड़ने गई थीं। इसी दौरान सी ब्लाक मकान नम्बर 601 में रहने वाली आरक्षक की पत्नी पूजा शर्मा आई और मेरे पति से बात करती हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पूजा शर्मा के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

## पति- पत्नी में हुआ विवाद, फांसी पर लटकी मिली दोनों की लाश

**बिलासपुर।** अलग रहने के लिए पति पत्नी के बीच जमकर विवाद हुआ। उसके बाद दोनों की घर के पास इमली के पेड़ में फांसी पर लटकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, चिंगराजपारा निवासी प्रकाश यादव पिता दिलहरण यादव अपनी पत्नी पूर्णिमा यादव 25 साल के साथ अपने पिता के साथ रह रहा था। उसकी पत्नी ने आए दिन अपने पति से अलग रहने कह रही थी। जिसे लेकर दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। 1 मार्च की रात इसी बात को लेकर दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। उसके बाद रात में दोनों घर से निकल गए। रात 12.30 बजे उनके घरवालों को सूचना मिली कि सुनील बाड़ी के पास इमली के पेड़ में दोनों की फांसी पर लाश लटकी है। घरवाले मौके पर गए तो दोनों की फांसी पर लाश लटकी मिली। सूचना पर पुलिस ने दोनों के शव को नीचे उतारकर सिम्स के मरच्यूरी में रखवा दिया था। 2 मार्च को फोरेंसिक टीम के द्वारा दोनों के शव का परिक्षण किया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।



मृतक।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

### वर्मा कायस्थ समाज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

**बिलासपुर।** कायस्थ समाज बिलासपुर की चित्रगुप्त मंगल भवन इमली पारा में आम सभा की बैठक हुई। जिसमें वर्ष 2026-2028 सत्र अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने के लिए अनिल वर्मा, विजय किशोर वर्मा, के.के. वर्मा एवं प्रदीप खरे को निर्वाचन अधिकारी नियुक्ति किया गया है। वहीं अनिल वर्मा को मुख्य निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।कायस्थ समाज बिलासपुर के अध्यक्ष पद निर्वाचन के लिए प्रथम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 मार्च को होगा। नए आजीवन सदस्य बनने की अंतिम तिथि 9 मार्च है तथा मतदान 29 मार्च को होगा।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## खड़े हाइवा से टकराया ट्रक, ड्राइवर की मौत

**बिलासपुर।** बेतरतीबी से नेशनल हाइवे पर खड़े हाइवा से तेज रफ्तार ट्रक टकरा गया। हादसे में ड्राइवर की मौत हो गई वहीं गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

हिर्री पुलिस के अनुसार, राजनांदगांव चिचोला रामपुर निवासी हरीचंद्र पटेल पिता उदेराम पटेल पेशे से ड्राइवर थे। स्वयं के आईसर वाहन क्रमांक सीजी 08 एटी, 4397 को चलाते थे। 28 फरवरी को वे अम्बिकापुर से रायपुर की ओर माल लेकर जा रहे थे। 1 मार्च की रात 1.30 बजे नेशनल हाइवे अमसेना के स्थित आईसर शोरूम के पास पहुंचे थे। इसी दोरान सड़क के बीच में हाइवा क्रमांक सीजी 10 बीई, 1650 का चालक बिना संकेतक, बिना इंडिकेटर, बिना सुरक्षा चिन्ह लगाए खड़ा कर दिया था। अंधेरा होने से बीच सड़क में बेतरतीब तरीके से खड़ा हाइवा हरीचंद्र पटेल को दिखाई नहीं दिया और तेज रफ्तार में उनकी गाड़ी खड़े हाइवा से टकरा गई। हादसे में ड्राइवर हरीचंद्र पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनकी गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने उनके पिता उदेराम पटेल की रिपोर्ट पर हाइवा चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 285 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 9340638884



7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
भेंट द्वारिका, द्वारिकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वर, ओम कालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुक्मणी मंदिर, त्रयम्बकेश्वर, गोपी तालाब, सिरडी, शनि सिग्नापुर, नासिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थान
यात्रा दिनांक: 28 मार्च, 2026; 04 अप्रैल, 2026; 04 जून, 2026; 14 जून, 2026; 29 जुलाई, 2026
11 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹ 21,500/- ऑफर ₹ 18,500/-3AC ₹ 32,500/- ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)